जनता की आवाज, जनता का आदेश

# राष्ट्रीय जनादेश

janadesh2012@gmail.com www.rashtriyajanadesh.com

बैतूल, मंगलवार 31 मार्च 2026 » वर्ष-29 » अंक-68 » आर.एन.आई.नं. 69078/98 » पृष्ठ -06 » मूल्य-2 रू.




## वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व लगातार चौथे दिन अधिकतर बैंकों में नहीं हुआ लेन-देन, आमजन सहित व्यापारी परेशान

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। वित्तीय वर्ष २०२६-२७ का आज अंतिम दिन है। कल एक अप्रैल से नया वित्तीय वर्ष शुरू हो जाएंगा। वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व पिछले चार दिनों से बैंक बंद रहने से मार्च क्लोजिंग के दौरान व्यापारियों के साथ ही आमजनों को भी परेशानी उठानी उड़ रही है। शुक्रवार से रविवार तक तीन दिन बैंकों में अवकाश रहने से बैंक बंद रहे। सोमवार को बैंक खुले तो लेकिन नगद-लेन देन नहीं हुआ। भारतीय स्टेट बैंक को छोड़कर अधिकतर बैंकों में अधिकारियों-**



**कर्मचारियों ने मेन गेट बंद कर बैंक के अंदर बैठकर कामकाज निपटाएं। इस दौरान बैंक के बाहर खातेदार परेशान होते रहे अधिकतर व्यापारी मार्च क्लोजिंग के काम नहीं कर पाए। आज वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन बैंक खुलेगे जिससे बैंकों में भारी भीड़ रहने की उम्मीद है।**

वित्तीय वर्ष की शुरूवात एक अप्रैल से शुरू होकर 31 मार्च को समाप्त होता है। एक अप्रैल से वित्तीय वर्ष शुरू होने पर कई चीजे बदल जाती है। शासकीय कार्यालयों के साथ ही व्यापारी वर्ग को भी वित्तीय वर्ष समाप्ति में बैठकों से लेनदेन करना पड़ता हैं। इस साल मई माह में अधिक मास लगने वाला है जिससे आमतौर पर अप्रैल माह के प्रथम और द्वितीय सप्ताह में आने वाले हिंदू व्रत, त्यौहार, जयंतियां आदि मार्च माह के अंतिम सप्ताह में ही आ गए। वित्तीय वर्ष के अंतिम सप्ताह में 21 मार्च शुक्रवार को श्रीराम नवमी का अवकाश आने से शासकीय दफ्तरों के साथ बैंक भी बंद रहे।

28 मार्च को माह का चौथा शनिवार होने से बैंक बंद रहे वहीं 29 मार्च को रविवार का साप्ताहिक अवकाश होने से बैकों कामकाज नहीं हुआ। पूर्व में महावीर जयंती का अवकाश 31 मार्च को घोषित किया गया था। लेकिन 30 मार्च सोमवार को ही महावीर जयंती शेष पेज 2 पर..

## क्या ओम सांई विजन के ईपीएफ मामले की जांच कराएंगे नवागत बैतूल सीएमओ?

▪ बगैर ईपीएफ काटे कई सालों तक कराया कंपनी ने काम?

▪ ओम साईं विजन पर बेहिसाब रूप से मेहरबान नपा के अफसर



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। ओम साईं विजन कंपनी और नगर पालिका के अफसरों की गजब की सांठगांठ है। आलम यह है कि नगर पालिका द्वारा कंपनी की हर खता को हंसते हुए माफ कर दिया जाता है। यहां तक कि टेंडर की निर्धारित शर्तों को भी कंपनी ताक पर रखती रही है। इसके बावजूद कंपनी पर एक बार भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। आलम यह है कि कंपनी ने बिना ईपीएफ जमा कराए ही कई साल तक करीब एक सैकड़ा कर्मचारियों से काम कराया और अभी भी वही हाल है। नवागत सीएमओ नवनीत पाण्डे की शुरूवाती कार्यप्रणाली से संदेश अच्छा जा रहा है। उम्मीद है सीएमओ पाण्डे ओम साईं विजन की नकेल भी कसेंगे और कर्मचारियों के ईपीएफ के मामले में जांच कराकर कर्मचारी हितों की रक्षा भी करेंगे।**

निजी क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों का भी ईपीएफ जमा कराना सरकार ने अनिवार्य कर दिया है। जिस भी फर्म में 20 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत है, वहां ईपीएफ जमा कराना ही होगा। यह कानूनी रूप से अनिवार्य है। ओम साईं विजन को नगर पालिका ने 23 ड्राइवर और शेष पेज 2 पर..

## घोड़ी पर बैठने से पहले ही उठ गई अर्थी

▪ एनएच पर हुए एक्सीडेंट में हुई युवक की मौत
▪ 15 दिन बाद होने वाली थी मृतक की शादी, साथी घायल



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** एक्सीडेंट में एक युवक की मौत हो गई। जिस युवक की मौत हुई है उसकी 15 दिन बाद शादी होने वाली थी। इस हादसे से घर में मातम पसर गया है। उसका साथी भी इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो शेष पेज 2 पर..

## अब 10 अप्रैल से होगी समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी

» जिले में 18 हजार 969 किसानों ने करवाया पंजीयन

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू करने प्रदेश के चार संभागों में 10 दिन एवं शेष प्रदेश में 15 दिन की समय सीमा बढ़ा दी गई है। जिसके बाद अब जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 10 अप्रैल से होंगी। पूर्व में शासन द्वारा एक अप्रैल से गेहूं खरीदी करने की घोषणा की थी। जिले के सभी 64 खरीदी केन्द्रों पर गेहूं खरीदी शुरू करने की तैयारी भी कर ली गई थी, लेकिन अंतिम समय में खरीदी की तारीख दस दिन बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दी गई है।

रबी सीजन 2026-27 के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए पूर्व में एक अप्रैल की तारीख निर्धारित की गई थी, लेकिन खाद्य एवं आपूत्ति विभाग द्वारा सोमवार को जारी आदेश में प्रदेश के इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तारीख 10 अप्रैल कर दी है। वहीं प्रदेश के शेष संभागों में 15 अप्रैल से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू की जाएगी।

जिले में समर्थन मूलय पर गेहूं बेचने 7 फरवरी से 10 मार्च तक पंजीयन करवाएं गए थे, जिसमें 18 हजार 969 किसानों ने पंजीयन करवाया था। जिला आपूत्ति अधिकारी केके टेकाम ने बताया जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी करने शेष पेज 2 पर..

## सोनाघाटी मंदिर में होगी विश्व शांति की प्रार्थना

▪ सोनाघाटी हनुमान मंदिर में 51 दीप जलाकर अर्जी

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** विश्व में बढ़ते तनाव के चलते उत्पन्न अस्थिरता को लेकर आमजन में चिंता का माहौल है। इसी बीच हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर के सोनाघाटी पहाड़ी स्थित श्री हनुमान मंदिर में विश्व शांति की विशेष प्रार्थना की जाएगी। पुरुषोत्तम (टिम्मू), स्वर्गीय दर्शनलाल गंगवानी के पुत्र, भगवान हनुमान के समक्ष 51 दीप प्रज्वलित कर अर्जी लगाएंगे। उनका उद्देश्य वर्तमान वैश्विक तनाव के बीच शांति, सौहार्द्र और आपसी प्रेम का संदेश देना है।

उन्होंने बताया कि धार्मिक आस्था के माध्यम से विश्व में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो सकता है। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर की जा रही यह प्रार्थना समस्त मानवता के कल्याण और जल्द से जल्द विश्व शांति स्थापित होने की कामना के साथ की जाएगी।

दीप प्रज्वलन में भाग लेने के लिए श्रद्धालु दिए गए मोबाइल नंबर 9826311697 पर संपर्क कर सकते हैं।

## शासकीय अवकाश घोषित होने से एक दिन आगे बढ़ी नगर पालिका की बैठक

» परिषद की बैठक में आज होंगी 41 विषयों पर चर्चा
» बजट पर लगेगी परिषद की मुहर, ओपन ऑडिटोरियम की दुकानों को आम नीलामी से देने पर भी होंगा निर्णय

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** नगर पालिका परिषद बैतूल की 30 मार्च को होने वाली बैठक 30 मार्च को महावीर जयंती का अवकाश घोषित होने से एक दिन बढ़ा दी गई है। अब परिषद की बैठक आज मंगलवार को नपा के बाल मंदिर सभागृह में होगी। परिषद की बैठक में नपा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदों के साथ ही हाल ही में नियुक्त किए 6 एल्डरमेन शामि नहीं होगे। परिषद की बैठक में वर्ष 2026-27 का बजट पेश करने के साथ ही कुल 41 विषय रखे गए है। जिसमें शहर में बनने वाले क्रिकेट स्टेडियम सह 100 रनिंग मीटर सिथेंटिक एथलेटिक ट्रेक- 5 लेन निर्माण कार्य की प्राप्त ई-निविदा भी स्वीकृत की जाएगी, वहीं ओपन ऑडिटोरियम की दुकानों को पूर्व में स्वसहायता समूहों को आवंटित करने की कार्यवाही शेष पेज 2 पर..

## कार्टून कोना




## औचक निरीक्षण में अनुपस्थित मिले कर्मचारी



नगर पालिका सीएमओ ने सोमवार को राजस्व शाखा का प्रातः 10:30 बजे निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए जाने वाले कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान कई सहायक राजस्व निरीक्षक गैरहाजिर मिले तो एक कर्मचारी का वेतन रोक दिया गया और अन्य को नोटिस थमा दिया गया।

### अनुपस्थिति पर वेतन रोकने के दिए आदेश

निरीक्षण के दौरान सहायक राजस्व निरीक्षक श्रीमती सुशीला भारती सुबह 10.36 बजे तक कार्यालय में अनुपस्थित पाई गईं। इसे शासकीय कार्य में गंभीर लापरवाही मानते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पांडेय ने मार्च माह का वेतन रोकने के आदेश जारी कर दिए हैं। साथ ही जो कर्मचारी समय पर कार्यालय नहीं पहुंच रहे हैं, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### नागरिकों को हुई असुविधा तो होगी कार्यवाही

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पांडेय ने निर्देश दिए हैं कि आम शेष पेज 2 पर..









# संपादकीय

## 'लॉकडाउन' लगेगा क्या?

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बेवजह लोगों को धमकाया है। वे कहते हैं कि लॉकडाउन की अफवाह पैसलाने पर आपराधिक कार्रवाई करेंगे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को लग रहा है कि लॉकडाउन की अफवाह है तो उन्हें लोगों के बीच की चिंता और बेचैनी को समझना चाहिए। इस अफवाह की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी के गृह राज्य गुजरात से हुई है। वर्तमान में गुजरात क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंपों पर, केरोसिन की दुकानों के बाहर, गैस वितरण केंद्रों पर चार-पांच किलोमीटर की कतारें लगी हैं। इन कतारों में पानी के लिए इस्तेमाल किए जानेवाले नीले रंग के ड्रम लेकर लोग खड़े हैं। ईंधन का संग्रह करना चाहिए। लॉकडाउन घोषित हुआ तो चूल्हा जलाने के लाले पड़ जाएंगे, ऐसा गुजरात के लोगों को लग रहा होगा और वही डर महाराष्ट्र की जनता को लगा तो मुख्यमंत्री को इतना भड़कना नहीं चाहिए। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री गुजराती होने के कारण इस राज्य के पास ऐसी बातों की जानकारी सबसे पहले पहुंचती है। मतलब नोटबंदी का आदेश मोदी द्वारा जारी करने से करीब आठ दिन पहले गुजरात के बैंकों के बाहर बड़ी-बड़ी कतारें लगाकर लोग बैंकों में पैसे जमा कर रहे थे। अमित शाह जिस बैंक के अध्यक्ष थे, उस बैंक में कहते हैं कि एक क्षण में पांच सौ करोंड़ के प्रतिबंधित नोट जमा हुए और काले का सफेद कर लिया गया। कोविड काल में लॉकडाउन होगा, यह खबर सबसे पहले गुजरात को ही लगी। यह भूतकाल का वास्तविक तथ्य देखा जाए तो गुजरात में वर्तमान में लगी कतारें ही लॉकडाउन की अफवाहों की जड़ हैं इसलिए गुजरात के खिलाफ अफवाह पैसलाने के बारे में फौजदारी कार्रवाई महाराष्ट के गृहमंत्री को करनी चाहिए। श्री फडणवीस का कहना है कि महाराष्ट में ऑलवेल (सब ठीक) है। दुनियाभर में युद्ध की परिस्थिति होते हुए भी ईंधन दर वृद्धि का संकट खड़ा हुआ है। ऐसी कठिन परिस्थिति में भारत सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। उसके लिए प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन करना चाहिए। पढ़ोसी देशों में ईंधन की कमी के कारण स्कूल, कार्यालय, संस्थाएं बंद करने की नौबत आई है। भारत ने उत्तम प्रबंधन के कारण ऐसी नौबत आने नहीं दी। 'इस बारे में झूठी जानकारी देना अपराध माना जाएगा।' मुख्यमंत्री महोदय, आपका कथन गैर-जिम्मेदाराना है। मुंबई सहित महाराष्ट्र के 50 प्रतिशत होटल्स और ढाबे गैस की कमी के कारण बंद पड़ गए हैं। कुछ लोगों ने सूखी लकड़ियां, कोयला इनका उपयोग करके सीमित स्वरूप में चूल्हे जलाकर लोगों के लिए खान-पान सेवा शुरू रखी है, लेकिन यह मार्ग भी कठिन है। पश्चिम महाराष्ट्र का फाउंड्री उद्योग बंद हुआ।

## महावीर जयंती पर मंदिरों में हुए धार्मिक अनुष्ठान




**मुलताई(राष्ट्रीय जनादेश)।** पवित्र नगरी में सोमवार जैन समुदाय के द्वारा महावीर जयंती पूरी हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान नगर के मध्य स्थित दिगबर जैन मंदिर में पूरे दिन धार्मिक आयोजन तथा अनुष्ठान संपन्न हुए। इस संबन्ध में महेन्द्र पिल्लू जैन ने बताया कि सुबह धूमधाम से भगवान महावीर की शोभायात्रा जैन मंदिर से निकाली गई जो पूरे नगर में भ्रमण के उपरांत वापस मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में भगवान महावीर की पालकी लेकर जैन अनुयायी चल रहे थे तथा महावीर स्वामी के उपदेश अहिंसा परमोधर्म तथा जीयो और जीने दो के जयकारे लगा रहे थे। महिलाएं भगवान महावीर के भजन गाते चल रही थी। इस अवसर पर जैन अनुयायी महिला पुरूष, युवा एवं बच्चे श्वेत तथा पीले परिधान पहने हुए थे। भगवान महावीर की पालकी यात्रा जिस भी मार्ग से होकर गुजरी वहां निवासरत जैन समाज के लोगों द्वारा घरों के सामने रांगोली सजाई गई थी। इस अवसर पर जैन मंदिर में पहले से ही धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए जा रहे थे। महावीर जयंती के दिन विशेष अनुष्ठान अल सुबह से प्रारंभ हो गए थे जिसमें भगवान महावीर की प्रतिमा का जलाभिषेक किया गया तथा उनकी प्रतिमा को पालकी में विराजित कर नगर भ्रमण कराया गया। सोमवार हुए आयोजन में नगर के समस्त जैन समाज के श्रद्धालु शामिल हुए।

## टैक्स जमा करने वालों के भी नाम प्रकाशित करें नपा

- पार्षद ने दिया सुझाव, नपा ने करदाताओं का माना आभार

**आमला (राष्ट्रीय जनादेश)।** नगर पालिका के लालावाड़ी फिल्टर प्लांट में आयोजित नगरपालिका के सम्मेलन के पश्चात पार्षद खुशबू विजय अतुलकर ने नगर पालिका अध्यक्ष नितिन गाडरे को एक पत्र सौंपा। पत्र में में पार्षद ने मांग की है कि आमला नगर में जितने भी करदाताओं द्वारा अपने समस्त कर समय सीमा में जमा करवाकर नगर के विकास कार्य में अपनी सहभागिता निभाई है उन सभी के नाम नगर पालिका द्वारा प्रकाशित कर नगर के समस्त चौक चौराहे पर लगाकर नगर पालिका परिषद द्वारा उनका आभार व्यक्त किया जाए। इससे आने वाले समय में अन्य बकायदारों की भी यही कोशिश रहेगी कि वह भी अपने नाम को सम्मानित सूची में लिखवाने की कोशिश करेंगे। पत्र सौंपते समय मुख्य रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी नितिन बिंजवे, नगर पालिका अध्यक्ष नितिन गाडरे, नगर पालिका उपाध्यक्ष किशोर माथनकर, पार्षद गण ममता धामोड़े, अलका मानकर, नीलम साहू, शोभा देशमुख, दीक्षा सूरजेकर, राकेश शर्मा, संजय राठौर, रोहित हारोडे, बाला अंबाडकर, सुनील ऊईके, पार्षद विजय अतुलकर, पार्षद लिखीराम साहू, भाजपा नेता मयूर सूरजेकर, फूलचंद नारे, उपयंत्री सुभाष शर्मा, जल शाखा प्रभारी अरुण पवार, उल्लास जोशी, रमेश देशमुख, बाबूराव धोटे, गणेश हरोड़े एवं फिल्टर प्लांट के कर्मचारी उपस्थित थे।




## महावीर जयंती पर रक्तदान शिविर आज

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** महावीर जयंती महोत्सव पर 31 मार्च मंगलवार को श्री महावीर नवयुवक मंडल एवं सकल जैन समाज के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन से जुड़े अभिषेक तातेड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि अहिंसा परमो धर्म के पावन संदेश के साथ सेवा और मानवता को समर्पित एक प्रेरणादायक पहल के तहत मंगलवार को श्री महावीर नवयुवक मंडल एवं सकल जैन समाज के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन जैन दादावाड़ी, चक्कर रोड बैतूल में प्रातः10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जा रहा है। रक्तदान करने के इच्छुक सेवाभावी लोग आयोजन से जुड़े प्रणय मरोठी एवं विनीत गोठी से संपर्क कर सकते हैं।

# सब जूनियर हॉकी टीम में दो खिलाड़ी चयनित

- 1 से 12 अप्रैल तक रांची में होगी प्रतियोगिता

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में पहले ही जिले के पांच खिलाड़ियों के चयन से गूंज रहे बैतूल ने अब एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। इस बार मध्यप्रदेश की 16वीं सब-जूनियर हॉकी टीम में जिले के दो उभरते सितारों जितेंद्र कहार और हर्षित धोटे (अंडर 16) का चयन हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 1 अप्रैल से 12 अप्रैल तक झारखंड के रांची में आयोजित होगी, जहां ये दोनों खिलाड़ी प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे।**






### मजदूर परिवारों से रखते हैं ताल्लुक

खास बात यह है कि जितेंद्र कहार और हर्षित धोटे दोनों ही साधारण मजदूर परिवारों से ताल्लुक रखते हैं, लेकिन अपने असाधारण जुनून और मेहनत के दम पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। हॉकी बैतूल के सचिव जगेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि दोनों खिलाड़ी पिछले 5-6 वर्षों से निरंतर हॉकी का अभ्यास कर रहे हैं और मैदान पर उनका उत्साह हमेशा देखने लायक रहा है। उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिसका परिणाम आज पूरे जिले के सामने है। इस उपलब्धि में जिला खेल अधिकारी पूजा कुरील और कोच अजय मिश्रा व तपेश का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिन्होंने खिलाड़ियों को सही मार्गदर्शन और प्रशिक्षण दिया।

### प्रतिभा को मिली राष्ट्रीय स्तर की पहचान

इससे पहले बैतूल के पांच खिलाड़ी खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में मध्यप्रदेश हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुने जा चुके हैं, जिससे जिले की खेल प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है। अब सब-जूनियर टीम में दो और खिलाड़ियों के चयन ने यह साबित कर दिया है कि बैतूल की धरती प्रतिभाओं से भरी हुई है।

इस उपलब्धि पर पूर्व खिलाड़ी प्रदीप खंडेलवाल, हॉकी बैतूल के अध्यक्ष अक्षय वर्मा, सचिव जगेन्द्र सिंह तोमर, जिला खेल अधिकारी पूजा कुरील, रमेश भाटिया, विभाषवर्धन पांडेय, जगदीप वर्मा, मुकेश वर्मा, धर्मेन्द्र गोठी, सुधीर जैन, अजाब राव झरबडे, नरेन्द्र ठाकुर, देवेन्द्र पाटिल, शैलेश गुबरेले और मनप्रीत सिंह वालिया सहित कई वरिष्ठ एवं खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

## पेज 1 से जारी...

### वित्तीय वर्ष समाप्ति...

होने से आनन-फानन में 30 मार्च का अवकाश घोषित हो गया। भारतीय स्टेट बैंक ने 30 मार्च को अवकाश ना मनाकर बैंकों में आम दिनों जैसा काम किया, लेकिन अधिकतर बैंकों ने 30 मार्च को महावीर जयंती का अवकाश मानकर लेन-देन नहीं किया, जिससे लगातार चौथे दिन बैंकों में कामकाज नहीं हुआ। सोमवार को अधिकतर बैंकों में अधिकारी-कर्मचारी पहुंचे लेकिन अवकाश का हवाला देकर नगद लेन-देन नहीं किया। कुछ बैंकों में चैक, ड्राफ्ट आदि जमा कर लिए गए, लेकिन नगद लेन-देन नहीं हुआ। बैंक खुले दिखने से कई खातेदार लेन-देन करने बैंक भी पहुंचे। अधिकतर बैंकों ने मेन गेट पर ताला लगवा दिया ताकि खातेदार परेशान न करें। बैंक अधिकारियों-कर्मचारियों ने मार्च क्लोजिं का बैंक का ही काम किया। वित्तीय वर्ष समाप्ति अंतिम सप्ताह में लागातर चार दिन तक बैंकों में लेन-देन नहीं होने से कई व्यापारी और आमजन परेशान हुए। व्यापारियों का कहना था कि अब अंतिम दिन 31 मार्च को बैंकों से जरूरी काम करना पड़ेगा, लेकिन यदि अंतिम दिन सर्वर ने साथ नहीं दिया सर्वर डाउन रहे तो उन्होंने भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

### घोड़ी पर बैठने...

गया है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मौके पर ही हो गई मौत

जानकारी के अनुसार, दोपहर बाद बरेठा घाट के पहले मोड़ पर एक बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के समय मृतक और घायल सिंगार चावड़ी गांव से बकतरा काम के सिलसिले में जा रहे थे। इस हादसे में सिंगार चावड़ी निवासी जगदीश नर्रे की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर सवार भैयालाल पंद्रम गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल भैयालाल पंद्रम को 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल बैतूल रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज जारी है। उनकी नाजुक हालत के कारण उन्हें अभी हादसे की पूरी जानकारी नहीं मिल पाई है।

### अज्ञात वाहन की तलाश कर रही पुलिस

मृतक जगदीश नर्रे खेती-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। वह दो भाइयों में छोटे थे और उनकी शादी 15 दिन बाद होने वाली थी। वहीं, घायल भैयालाल पंद्रम अविवाहित हैं। हादसे के बाद मृतक के परिजनों को सूचना दी गई। शाहपुर में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है और पूरे मामले की जांच जारी है।

### अब 10 अप्रैल...

64 खरीदी शुरू करने तैयारी लगभग पूर्ण कर ली गई थी। जिस बीच खरीदी शुरू करने की तारीख 10 अप्रैल करने के आदेश आ गए है। जिससे अब गेहूं खरीदी सभी 64 केन्द्रों पर 10 अप्रैल से शुरू की जाएगी।

### क्या ओम सांई...

28 हेल्पर दिए हैं। इनका ईपीएफ नगर पालिका काटती है। इसके अलावा कंपनी को 120 कर्मचारी रखना है। इससे पहले भी कर्मचारियों की संख्या लगभग इतनी ही थी। इतनी अधिक संख्या में कर्मचारी होने के बावजूद भी कंपनी द्वारा बीते साल के ठेके तक कर्मचारियों का ईपीएफ नहीं जमा किया जाता था। इससे उन्हें किसी तरह की सामाजिक सुरक्षा प्राप्त नहीं हो पाती थी। टेंडर की शर्तों में पहले भी इस बात का उल्लेख था, लेकिन नपा ने कंपनी को मनमानी करने की छूट दे दी और इस शर्त का पालन नहीं करवाया।

नपा के अधिकारियों का कहना है कि इस बार कंपनी द्वारा सभी कर्मचारियों का ईपीएफ जमा किया जा रहा है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि कंपनी द्वारा रस्म अदायगी करते हुए महज कुछ कर्मचारियों का ईपीएफ जमा किया जा रहा है, वहीं शेष का ईपीएफ जमा ही नहीं हो रहा है। इधर नपा इसके बावजूद कंपनी के प्रति कोई सख्ती नहीं कर रही है। इससे साफ है कि नगर पालिका के अफसर ओम साईं विजन कंपनी पर किस कदर मेहरबान हैं।

इसके अलावा कंपनी द्वारा आईईसी गतिविधियां भी कागजों पर चलाई जा रही है। कंपनी को लोगों को जागरूक भी करना है और गीले कचरे से घर में ही खाद बनाने की विधि बताकर इसके लाभ बताकर खाद बनाने के लिए प्रेरित भी करना है। कंपनी की आईईसी गतिविधियों के हाल यह है कि इतने सालों में एक परिवार को भी इसके लिए प्रेरित नहीं कर पाई। हजारों घर वाले बैतूल शहर में एकाध घर भी ऐसा नहीं मिलेगा, जहां गीले कचरे से खाद बनाकर उसका उपयोग हो रहा है।

### शासकीय अवकाश...

निरस्त कर आम नीलामी के माध्यम से आंवटित करने के संबंध में भी विचार कर निर्णय लिया जाएगा।

नगर पालिका द्वारा 30 मार्च को दोपहर 3 बजे से नपा परिषद की बजट बैठक निर्धारित की थी। 30 मार्च को महावीर जयंती का अवकाश घोषित होने से अब बजट बैठक वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन आज मंगलवार को दोपहर 3 बजे से होंगी। बैठक में बजट के साथ ही कुल 41 विषय रखे गए है जिस पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएगें।

### औचक निरीक्षण ....

नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। यदि नागरिकों को काम के लिए भटकना पड़ा तो संबंधित राजस्व निरीक्षक और सहायक राजस्व निरीक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि अब समय पर कार्यालय पहुंचना और समय पर काम करना अनिवार्य होगा।

### टैक्स जमा करें और छूट का ले लाभ

नगर पालिका परिषद बैतूल की ओर से नागरिकों से अपील की गई है कि वे 31 मार्च के पहले अपना टैक्स जमा कर शासन द्वारा दी जा रही छूट का लाभ उठाए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पांडेय ने कहा है कि नगर पालिका परिषद बैतूल नागरिकों को बेहतर और समयबद्ध सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर लगातार सख्ती की जा रही है।

# सुंदरकाण्ड और स्नेह भोज कर मनाया जन्मदिन

- दिन भर अनिल सिंह कुशवाह को शुभकामनाएं देने का चलता रहा सिलसिला

**चिचोली(राष्ट्रीय जनादेश)। तहसील अंतर्गत नगर चिचोली मुख्यालय पर क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं चिचोली क्षेत्र व विशेषकर भाजपा के शुभंकर अनिलसिंह कुशवाह का 73 वां जन्मदिन सोमवार 30 मार्च को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उनके स्नेहीजनों ने उन्हें खूब सारी शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।**

**बुजुर्गो व वरिष्ठों का लिया आशीर्वाद :** सोमवार की सुबह अपने जन्म दिन पर अनिलसिंह कुशवाह ने सबसे पहले नगर में अपने वरिष्ठजनों, बुजुर्गों, सहयोगियों के निवास पहुंचकर उनसे भेंट की और आशीर्वाद लिया। दोपहर में पूर्व मंडल अध्यक्ष नितेश आवलेकर के प्रतिष्ठान एवं सोसायटी कार्यालय में अनिलसिंह कुशवाह की मौजूदगी में केक काटकर उन्हें श्याल श्रीफल भेंट कर जन्मदिन मनाया गया। अवसर पर यहां मंडल अध्यक्ष अमन आवलेकर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष शंकरराव चड़ोकार, सोसायटी अध्यक्ष मुकेश मालवीय, उपाध्यक्ष श्रीराम यादव, संचालक बाली मालवीय, संजय आवलेकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष नितेश आवलेकर, जितेश आवलेकर के साथ बढ़ी संख्या में स्नेहीजनों की मौजूदगी रहीं थी।

**नवनियुक्त ऐल्डर मेनो का भी किया सम्मान :** चिचोली में आवलेकर प्रतिष्ठान एवं सोसायटी में मनाये गये अनिलसि्ह कुशवाह के जन्मदिन के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन से नगरपरिषद चिचोली के लिए नियुक्त ऐल्डर मेन कृष्णा सोनी, अमित देशपांडे, अमरसिंग राठौर एवं प्रकाश कटारे का भी फूल माला पहनाकर श्याल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया था।

**रामलीला मंच पर हुआ सुंदरकांड पाठ :** धार्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक क्षेत्र के पुरोध्दा, सरल सहज मिलनसार व्यक्तित्व के धनी, बैतूल जिला भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य, अनिलसिंह कुशवाह के 73 वें जन्मदिन के अवसर पर सोमवार की शाम नवरंगी भजन मंडल द्वारा सुंदरकाण्ड का संगीतमयी पाठ किया गया। पाठ पश्चात पूजन आरती प्रसादी के बाद नगर एवं संपूर्ण ग्रामीण अंचलों से आये स्नेहीजनों ने अनिलसिंह कुशवाह का सम्मान किया। सम्मान कार्यक्रम के पश्चात स्नेह भोज भी हुआ जिसमें सभी जनों ने भोजन ग्रहण किया। अनिल सिंह कुशवाह के जन्मोत्सव में पधारे सभी जनप्रतिनिधियों, गणमान्यों एवं नगरवासियों ने अनिलसिंह कुशवाह कों जन्म दिन की बधाई शुभकामनाएं देकर उनकी दीर्घायु उज्जवल जीवन की मंगलकामनायें की थी।

# आमला में नहीं हो सकेगा मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन

- 200 जोड़ों की सीमा के साथ बीपीएल कार्ड किया अनिवार्य
- सरकार ने लगाई शर्त से पनपने लगा लोगों में आक्रोश, जताई नाराजगी




*आमला(राष्ट्रीय जनादेश)। मध्य प्रदेश शासन की मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना को लेकर इस वर्ष आमला क्षेत्र के लोगों में भारी निराशा और आक्रोश देखा जा रहा है। इस वर्ष मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन आमला में आयोजित नहीं किया जाएगा। प्रशासन के निर्णय के अनुसार, जनपद पंचायत आमला के जोड़ों को भी अब बैतूल में आयोजित होने वाले सम्मेलन में शामिल होना पड़ेगा। इसके साथ ही सरकार द्वारा लगाई गई नई शर्तों ने गरीब परिवारों की चिंता बढ़ा दी है।*

### 26 अप्रैल को बैतूल में होगा आयोजन

*इस वर्ष जनपद पंचायत आमला द्वारा स्वतंत्र रूप से विवाह सम्मेलन का आयोजन नहीं किया जा रहा है। आगामी 26 अप्रैल को जनपद पंचायत बैतूल में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में ही आमला नगर पालिका और जनपद पंचायत आमला के जोड़ों को सम्मिलित किया गया है। शासन के इस फैसले से स्थानीय स्तर पर होने वाले इस बड़े आयोजन की चमक अब फीकी पड़ती नजर आ रही है।*

### केवल 200 जोड़ों का रखा लक्ष्य

*विवाह सम्मेलन को लेकर इस बार दो बड़ी शर्तें रखी गई हैं। पहला, सम्मेलन में केवल 200 जोड़े (2 सैकड़ा) ही शामिल हो सकेंगे, जिससे बड़ी संख्या में पात्र कन्याओं के योजना से वंचित रहने की आशंका है। दूसरा, इस बार गरीबी रेखा (बीपीएल) कार्ड की शर्त को अनिवार्य कर दिया गया है। यानी, जिस कन्या के अभिभावक के पास बीपीएल कार्ड होगा, वही इस योजना का लाभ ले सकेगी। इन शर्तों के कारण ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में गहरा असंतोष है।*

### आमला में सम्मेलन करने की मांग

*सम्मेलन को बैतूल शिफ्ट करने और शर्तों को कड़ा करने पर सरपंच संघ के अध्यक्ष सुखराम उइके, सरपंच सुखवंती इमारत उइके और राजू सीलु ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। उनका कहना है कि आमला ब्लॉक में बड़ी संख्या में गरीब परिवार रहते हैं जो साल भर इस सम्मेलन का इंतजार करते हैं। संख्या सीमित करने और बीपीएल की अनिवार्यता से कई जरूरतमंद परिवार लाभ से वंचित रह जाएंगे। मांग की गई है कि सम्मेलन आमला की ही किसी ग्राम पंचायत में भव्य रूप से आयोजित हो।*

### पहले उत्सव जैसा होता था माहौल

*सरपंच झागु धुर्वे, नीतू रविंद्र धोटे और पार्वती ज्ञानसिंह धुर्वे ने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि जब आमला में विवाह सम्मेलन होता था, तो पूरा ब्लॉक उत्सव में डूब जाता था। जिस पंचायत में आयोजन होता, वहां का हर ग्रामीण इसमें सहभागी बनता था। अब बैतूल में आयोजन होने से वह स्थानीय उत्साह खत्म हो जाएगा। वहीं, कांग्रेस सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्रसिंह परमार ने भी शासन से मांग की है कि बीपीएल की शर्त हटाकर सभी बहनों को योजना का लाभ दिया जाए और आयोजन आमला में ही हो। इस विषय मे जिला पंचायत सीईओ जनपद पंचायत सीईओ तथा सामाजिक सुरक्षा उपसंचालक से चर्चा करनी चाही तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। वहीं जनपद पँचायत के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी ने भी इस विषय मे कुछ भी कहने से मना कर दिया।*

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**आमला (राष्ट्रीय जनादेश)।** गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों, अपर्याप्त उपलब्धता, बिजली दरों में अप्रत्याशित वृद्धि एवं पेट्रोल-डीजल की कमी जैसी समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सोमवार दोपहर 2 बजे तहसील कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में बताया कि लगातार बढ़ रही महंगाई से आमजन पहले ही परेशान हैं, वहीं केंद्र की मोदी सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि और राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बिजली दरों में बढ़ोतरी ने लोगों का जीना और मुश्किल कर दिया है। साथ ही पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में बैतूल जिले के ग्राम खेड़ी रामोसी में आदिवासी समुदाय पर कथित अत्याचार और उन पर गलत तरीके से मामला दर्ज किए जाने का भी मुद्दा उठाया गया। कांग्रेस ने इन सभी समस्याओं के शीघ्र निराकरण एवं दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजेंद्र भावसार, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मनोज देशमुख, सेवादल विधानसभा प्रभारी जितेंद शर्मा, शाबीर शाह काँग्रेस नेत्री सीमा अतुलकार ,गणेश ढोमने, युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष यशवंत हुड़े, रेखा कन्नौजिया, नीरज कटारिया, यशवंत चढ़ोकार, श्याम सोनी, अंकित सूर्यवँशी, राजेश राठौर, वीरेंद्र बर्थे, रोशन सोनपुरे, मदन साहू, सलीम शाह, विजय पारधी नितिन सातनकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**प्लाट बेचना है**

प्राईम लोकेशन में स्थित बैतूल गौठाना में, बैतूल टाऊन फेस 1 में मेन रोड टच 25×50 = 1250 वर्गफुट का प्लाट बेचना है

3103

संपर्क करे : 9424042239

**प्लाट बेचना है**

पुरानी बैतूलबाजार रोड पर, ब्रम्हकुमारी आश्रम के सामने स्थित सतपुड़ा विहार कालोनी में हुंडई वर्कशॉप के सामने स्थित पूर्व मुखी और पश्चिम मुखी 1200-1200 वर्गफीट साइज के 2 प्लाट बेचना है।

0504

:: संपर्क करे :: 9425693399

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मयूर भार्गव द्वारा मुद्रक डीबी कॉर्प लिमि. फौजदार गैरेज, पवारखेड़ा इटारसी रोड, होशंगाबाद से मुद्रित और प्रधान कार्यालय सिविल लाइन, बैतूल से प्रकाशित। संपादक-मयूर भार्गव। समस्त दीवानी, फौजदारी एवं न्यायिक कार्यवाही के लिए क्षेत्राधिकारी बैतूल न्यायालय ही होगा। प्रधान कार्यालय-917141355484

# कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति हुई ठप्प

- भट्टी और चूल्हा जला रहे होटल एवं ढाबा संचालक
- कांग्रेस ने किल्लत और महंगाई के खिलाफ किया विरोध

**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)। नगर में व्यवसायिक सिलेंडर की आपूर्ति पूरी तरह ठप्प पड़ गई है जिससे होटल एवं ढाबा संचालकों को भट्टी एवं चूल्हे के सहारे व्यवयाय करना पड़ रहा है वहीं छोटे खाद्य विक्रेता धंधा बंद करने को मजबूर हैं। इधर कांग्रेस द्वारा घरेलू सिलेंडर के दाम बढ़ाने, किल्लत बढ़ने तथा बिजली मंहगी करने के विरोध में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया है।**





## महंगाई से जनता परेशान

कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष अरूण यादव, किशोरसिंह परिहार, सुमीत शिवहरे, प्रह्लाद सिंह परमार, तकी उल हसन, नीतेश साहू, लोकेश यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने मूलभूत वस्तुओं की किलत को लेकर ज्ञापन सौंपकर बताया कि गैस सिलेंडर की मूल्य वृद्धि, अपर्याप्त उपलब्धता, बिजली दरों में अप्रत्याशित वृद्धि एवं पेट्रोल डीजल की कमी नगर में बनी हुई है जिसका कोई ठोस समाधान नहीं निकाला जा रहा है जिससे लोग परेशान हैं।

## कम होना चाहिए दाम

विशेष रूप से मध्यम एवं निर्धन वर्ग मुश्किलों का सामना कर रहा है। कांग्रेस ने आरोप लगाते हुए कहा की भाजपा की सरकार में आवश्यकताओं की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं जिससे लोगों का जीना मुहाल हो गया है। कांग्रेस ने इस विकराल हो रही समस्या पर लगाम कसने तथा मूल्यों में कमी कर पर्याप्त उपलब्धता तथा समाधान की मांग की गई है। इस दौरान कांग्रेसी नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे तथा तहसीलदार संजय बरैया को ज्ञापन सौंपा।

## भट्टी और चूल्हे के सहारे ढाबा-होटल

नगर में धीरे-धीरे व्यवसायिक सिलेंडर की कमी विकराल रूप धारण करते जा रही है जिससे होटलों से व्यवसायिक सिलेंडर खत्म होने के बाद उपलब्धता नही रहने से संचालकों को भट्टी एवं चूल्हों का सहारा लेकर लकड़ियों पर निर्भर होना पड़ रहा है। सिलेंडर नही होने से लकड़ी जलाई जा रही है जिससे धुंआ एवं प्रदूषण फैल रहा है लेकिन व्यापार करने के लिए मजबूरी में भट्टियों का उपयोग करना पड़ रहा है। व्यवसायिक सिलेंडर की आपूर्ति कब से प्रारंभ होगी इसका संतोषप्रद जवाब भी खाद्य अधिकारियों के पास नही होने से समस्या लगातार बढ़ रही है।

## कन्नी काट रहे कर्मचारी

होटल संचालक नरेन्द्र गिरी गोस्वामी ने बताया कि सिलेंडर से फटाफट काम हो जाता था लेकिन अब भट्टियों पर काम करने से पहले से ही भट्टियो को सुलगाना पड़ता है जिससे धुंआ हो रहा है तथा कर्मचारी भी काम करने से कन्नी काट रहे हैं। होटल संचालक अजय यादव ने बताया कि लंबे समय से व्यवसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति नही होने से व्यापार प्रभावित हो गया है। इधर फुटपाथ पर खाद्य सामग्री बेचने वालों के हाल बेहाल हैं जो फुटपाथ पर भट्टी तथा चूल्हे नही जला सकते इसलिए बड़ी संख्या में फुटपाथ के विक्रेता अपना व्यापार बंद कर रहे हैं।

## विवाह एवं धार्मिक आयोजन भी प्रभावित

व्यवसायिक सिलेंडर की आपूर्ति नही होने का सीधा असर होटल एवं ढाबों के साथ विवाह एवं धार्मिक आयोजनों पर भी पड़ा है। मुलताई पवित्र नगरी होने से हमेशा धार्मिक आयोजन चलते रहते हैं जिसमें भंडारा प्रसादी आदि बनाने के लिए सिंलेंडर नही होने से समस्या खड़ी हो चुकी है। पहले जहां कम समय में भंडारा प्रसादी तैयार हो जाते थे अब उसके लिए श्रद्धालुओं को मशक्कत करना पड़ रहा है। इधर विवाह समारोह पर भी इसका खासा प्रभाव पड़ा है जिससे समारोह में भी भट्टियों का उपयोग होने लगा है। सलमान शाह ने बताया कि उनके भाई का विवाह है जिसके लिए उन्हे सिलेंडर नही मिल रहे हैं तथा सिलेंडर के लिए भटकना पड़ रहा है ऐसी स्थिति में अन्य विकल्प खोजना पड़ रहा है। अन्य लोगों ने बताया कि शादियों के मौसम में व्यवसायिक सिलेंडर नही मिलने से परेशानी बढ़ गई है जिससे मजबूरी में अन्य व्यवस्थाएं करना पड़ रहा है।

## अधिकारियों नहीं दे रहे संतोषप्रद जवाब

समस्या को लेकर जब तहसीलदार संजय बरैया से चर्चा की गई तो उन्होने बताया कि उन्हे व्यवसायिक सिलेंडर नहीं मिलने की जानकारी नही है। उन्होने कहा कि वे खाद्य अधिकारी से चर्चा कर समस्या की जानकारी लेंगे। इधर खाद्य अधिकारी ममता सिरसाम से जब चर्चा की गई तो उन्होने बताया कि वर्तमान में सिलेंडराका वितरण बंद है तथा शीघ्र ही नियमानुसार वे गैस ऐजेंसी के माध्यम से व्यवसायिक सिलेंडर का वितरण प्रारंभ कराएंगे। सिलेंडर की उपलब्धता क्यों नही है इस पर उनके द्वारा संतोषप्रद जवाब नही दिया गया। बताया जा रहा है कि गैसे सिलेंडर पर निर्भर होने के बाद होटलों में भट्टियां तथा चूल्हे वर्षों से बंद हो चुके हैं जिन्हे अब फिर से चालू किया जा रहा है वहीं कई होटल संचालक भट्टी बना रहे हैं तथा आरामशीनों से लकड़ियां बुला रहे हैं ताकि किसी भी तरह व्यापार बंद ना हो सके।

---

**खबर एक नजर**

## वाटर डिस्पेंसनर फटने से घर में लगी आग



**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।** नगर में सोमवार सुबह भगतसिंह वार्ड स्थित एक मकान में वाटर डिस्प्रेसनर फटने से आग लग गई जिसे मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने बुझाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भगतसिंह वार्ड निवासी विरेन्द्र वर्मा द्वारा पानी को शुद्ध रखने के लिए घर के किचन में वाटर डिस्प्रेसनर लगाया हुआ था जो सोमवार सुबह अचानक फट गया जिससे घर में आग लग गई तथा वहां रखा सामान जलने लगा। इस दौरान किचन में सिलेंडर भी रखा होने से स्थिति और अधिक गंभीर हो गई। सूचना पर तत्काल फायर ब्रिगेड के कर्मचारी धनराज पंवार, गिरीश पिपले, सुमीत पुरी तथा भूपेन्द्र राठौर मौके पर पहुंचे तथा पूरे सूझबूझ के साथ पहले गैस सिलेंडर का मेन वाल बंद किया गया जिसके बाद धीरे धीरे आग पर काबू किया जिससे गंभीर हादसा होते होते बच गया। आसपास के लोगों ने बताया कि एक धमाके के साथ घर से धुंआ एवं आग की लपटें निकलने लगी। उन्होने बताया कि इस दौरान गैस सिलेंडर भी चालू रहने से बड़ा हादसा हो सकता था लेकिन कर्मचारियों की सक्रियता से आग पर काबू पाया गया।

## आसमान पर छाए बादलों से गर्मी हुई कम



**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।** नगर में सोमवार सुबह से लेकर दोपहर तक तेज धूप, उमस एवं भीषण गर्मी के बाद अचानक काले काले बादल घिर आए तथा ठंडी हवाएं चलने लगी। अचानक आए इस बदलाव से ठंडी हवाएं चलने लगी जिससे लोगों को गर्मी एवं उमस से राहत मिली। 4 बजे के बाद पूरे आसमान पर बादल घिर गए जिससे बारिश की संभावना बन गई। इधर हवाएं भी तेज चलने लगी लेकिन घिर कर आए बादल बरसे नहीं तथा शाम के बाद मौसम खुलने लगा। मौसम के बदलाव का असर शाम को नजर आया तथा ठंडी हवाओं के साथ शाम सुहानी हो गई। लोगों ने बताया कि भीषण गर्मी एवं उमस से परेशान हो गए थे ऐसे समय मौसम का बदलाव सुखद रहा। इधर आसपास हल्की बारिश हुई जिससे आसमान पर इंद्रधनुष भी छटा बिखेरते नजर आया बताया जा रहा है कि दो से तीन दिन तक मौसम में परिवर्तन जारी रहेगा जिससे लोगों को राहत मिली है।

---

# महंगाई और अत्याचार के खिलाफ कांग्रेस ने दिया धरना

- प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम संबोधित तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**घोड़ाडोंगरी (राष्ट्रीय जनादेश)।** रसोई गैस की बढ़ती कीमतें, बिजली बिल अनाप-शनाप आने और आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ ब्लाक कांग्रेस ने धरना देकर प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने पुराने हास्पिटल चौक पर प्रदर्शन के दौरान प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। यह कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निलय डागा के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। धरने का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरप्रीत सिंह खनूजा एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राहुल उईके ने किया।




## सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

धरना स्थल पर कांग्रेस कार्य-कर्ताओं ने भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद महामहिम राज्यपाल, मध्यप्रदेश के नाम तहसीलदार संतोष पथोरिया एवं चौकी प्रभारी आम्रपाली दहात के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। धरने को संबोधित करते हुए राहुल उईके ने कहा कि घोड़ाडोंगरी क्षेत्र की आम जनता वर्तमान में गंभीर समस्याओं से जूझ रही है। रसोई गैस की अनुपलब्धता एवं लगातार बढ़ती कीमतों के कारण गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है।

## सभी पर बढ़ रहा आर्थिक बोझ

वहीं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरप्रीत सिंह खनूजा ने कहा कि बिजली दरों में अप्रत्याशित वृद्धि से आम उपभोक्ताओं एवं व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। साथ ही आदिवासी समाज पर हो रहे अत्याचारों को लेकर क्षेत्र में असुरक्षा एवं असंतोष का माहौल बनता जा रहा है। कार्यक्रम में निताई कर, नीरज राठौर, श्यामू परते, संजय साल्वे, कमलेश झल्लारे, स्पेंसर लाल, चितरंजन खड़ा, संतोष उईके, जीवन वर्मा, नंदकिशोरी उईके सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। मंच संचालन ब्लॉक महामंत्री राजेश राजपूत ने किया।

## यह थे मौजूद


धरना स्थल पर कांग्रेसियों ने जो सरकार निकम्मी है, वह सरकार बदलनी है एवं अभी तो यह अंगड़ाई है, आगे और लड़ाई है जैसे नारे लगाए। ज्ञापन सौंपने वालों में दुष्यंत महाले, कन्हैया राठौर, दिलीप मिर्धा, मिथुन मिर्धा, विकास शाह, संजय अग्रवाल, दिलीप यादव, राजा खान, योगेश कवडे, मुकेश महोबिया, शुभम साहू, अनुराग हाथिया, रूपेश भोरवंशी, आदर्श राजपूत, साहिल खान, किशोर विश्वास, रोहित इवने, आजाद इरपाचे, कैलाश मालवीय सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# नलजल योजना ठप्प होने से ग्रामीण प्यासे

- ठेकेदार की मनमानी से नहीं मिल पा रहा पेयजल

**झल्लार (राष्ट्रीय जनादेश)।** ग्राम पंचायत झल्लार में पानी की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई नल-जल योजना जमीनी स्तर पर फेल साबित हो रही है। गांव के कई मोहल्लों में आज तक पाइपलाइन नहीं पहुंची है, वहीं जहां पाइपलाइन डाली गई है वहां पानी का प्रेशर बेहद कम है। ग्रामीणों को मजबूरी में दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है।



## ठेकेदार की लापरवाही से ग्रामीण प्यासे

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में ढेकेदार द्वारा भारी लापरवाही बरती गई है और घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से काम किया गया, लेकिन जिम्मेदार सरपंच सचिव अधिकारी इस पूरे मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार उच्च अधिकारियों को शिकायत की, साथ ही 181 (सीएम हेल्पलाइन) पर भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। समस्या से परेशान ग्रामीणों में अब आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पानी की व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों की मांग है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और हर घर तक नियमित पानी पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

---

# महंगाई को लेकर कांग्रेस ने किया प्र्रदर्शन

- राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर कीमत कम करने की मांग
- गैस और आवश्यक वस्तुओं की बेहताशा बढ़ रही है कीमतें

**शाहपुर (राष्ट्रीय जनादेश)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शाहपुर ने आम जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर राज्यपाल के नाम सोमवार को एक ज्ञापन शाहपुर तहसीलदार टी विस्के को सौंपा। ज्ञापन में विशेष रूप से गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों पर चिंता जताते हुए इसे सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने की मांग की गई है।



## लगातार बढ़ रही महंगाई

ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे आम जनता का जीवन यापन कठिन होता जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि रसोई गैस के दाम बढ़ने से घरेलू बजट पर सीधा असर पड़ रहा है, इसलिए सरकार को जल्द राहत प्रदान करनी चाहिए। इसके अलावा सड़कों की मरम्मत एवं खराब मार्गों का सुधार कार्य शीघ्र कराई जाए, नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल योजना के अंतर्गत शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए साथ ही बंद पड़े हैंडपंप सुधार किये जाए।

## 25 दिनों में करें सिलेंडरी रिफलिंग

गैस एजेंसियों की गाइडलाइन के अनुसार 45 दिन की जगह 25 दिनों के समय पर रिफिलिंग की व्यवस्थाकी जाए, वहीं गैस के बढ़े दाम वापस लिए जाए।

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी कर आम जनता को राहत दी जाए। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल एवं स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने की मांग शामिल है। उपमंडी शाहपुर में भावांतर योजना की सरसो की खरीदी की जाए। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो जनहित में आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से शासन-प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपील की गई है।

---

# सफल आयोजन के लिए माना आभार

**चिचोली (राष्ट्रीय जनादेश)।** मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र भगवान के जन्मोत्सव पर स्थानीय राम मंदिर समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा, पूजन, प्रसादी का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। भव्य शोभायात्रा राम मंदिर से निकल नगर भ्रमण किया जिसमे कई संस्थाओ व समाज ने जगह-जगह स्वागत कर प्रसादी वितरण किया। नगर की ऐतिहासिक राम मंदिर समिति के अध्यक्ष नितेश नित्तू आवलेकर ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओ का हृदय से आभार प्रकट किया है व धर्म के कार्यो मे सदा सहयोग की अपील की है।

---

# बीजादेही थाने में फायर ब्रिगेड सुविधा उपलब्ध कराने की मांग : मवासे

- फसलों में आग लगने से किसानों को उठाना पड़ रहा है बड़ा नुकसान

**शाहपुर (राष्ट्रीय जनादेश)** । गर्मी का दौर शुरू होते ही खेत खलिहानों में आगजनी की घटनाएं बढ़ने लगी है। खेतों में आग लगने के कारण किसानों की खड़ी फसल जलकर नष्ट हो रही है जिससे उन्हें आर्थिक रूप से नुकसान पहुंच रहा है। यदि फायर ब्रिगेड समय पर उपलब्ध हो सके तो इस आर्थिक क्षति को कम जरूर किया जा सकता है। चार महीनों तक फसलों की देखरेख करना, उसको सुरक्षित रखना पड़ता है उसके बाद जब फसल पककर तैयार होती है। इसी दौरान विभिन्न कारणों से खेतों में आग लग जाती।

## आग बुझाने के नहीं है उपाय

बीजादेही थाना अंतर्गत बहुत बड़ा क्षेत्र आता है। जिसकी शाहपुर मुख्यालय से और चिचोली मुख्यालय से दूरी लगभग 35 , 40 किलोमीटर है।ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जनों आगजनी की घटनाएं सामने आई, यहां फायर ब्रिगेड उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों को फसल जलने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ। अभी हाल ही में बीते शुक्रवार को फोफल्या गांव के सांगवानी गांव में 50 एकड़ फसल जल गई थी। साथ ही एक घर जल गया था। जनपद पंचायत अध्यक्ष शिवशंकर मावसे का कहना है कि बीजादेही थाना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड की आवश्यकता है वर्तमान में चिचोली एवं शाहपुर में ही फायर ब्रिगेड उपलब्ध है। इसकी दूरी चालीस किलोमीटर है। जो की कई बार ग्रामीण अंचलों में उपलब्ध नहीं हो पाती। ग्रामीण क्षेत्रों तक आने में काफी समय भी लग जाता है। यदि बीजादेही थाना पर यह सुविधा उपलब्ध होगी तो आगजनी से होने वाली किसानों की आर्थिक क्षति को कम किया जा सकता हैं।

## लगातार हो रही घटनाएं

इस वर्ष भी ग्रामीण क्षेत्रों में खेत खलिहानों तथा घरों में लगातार आगजनी की घटनाएं हो रही है। आग लगने के विभिन्न कारणों से बचाव किया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही ग्रामीण स्तर पर कम से कम एक फायर ब्रिगेड उपलब्ध होनी चाहिए जिससे ग्रामीणों को, किसानों को राहत मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कम से कम थाना बीजादेही में एक फायर ब्रिगेड उपलब्ध होनी चाहिए जिससे समय पर आग बुझाने में सहयोग मिल सके।

---

# जिन वार्डों में भाजपा हारी थी, वहां अब एल्डरमैन संभालेंगे मोर्चा

- नपा में हुई आधा दर्जन एल्डमैनों की नियुक्ति
- सूची में 3 महिला नेत्रियां भी शामिल, बिछाई जा रही चुनावी बिसात

**आमला (राष्ट्रीय जनादेश)। नगरीय निकाय चुनाव में अब लगभग एक वर्ष का समय शेष है। आगामी चुनावों को देखते हुए भाजपा संगठन ने अपनी चुनावी रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। रविवार को नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी एल्डरमैन (मनोनीत पार्षद) की सूची से भाजपा की मंशा साफ नजर आ रही है। सरकार ने एल्डरमैन के बहाने उन वार्डों में भाजपा कार्यकर्ताओं को मजबूती दी है, जहां वर्तमान में कांग्रेस के पार्षद काबिज हैं। इस सूची के माध्यम से उन कार्यकर्ताओं को भी उपकृत किया गया है, जिन्हें पिछले नगरीय चुनाव में टिकट नहीं मिल पाया था, जबकि उनकी दावेदारी मजबूत थी। आमला नगरपालिका के लिए 6 एल्डरमैन नियुक्त किए गए हैं, जिनमें गोपेंद्रसिंह बघेल, सपना सोनी, बसंत उडुकले और गोपाल खातरे के वार्डों में कांग्रेस के पार्षद हैं। वहीं, आरती पाटिल के वार्ड में निर्दलीय पार्षद है।**



## टिकट कटने वालों का रखा गया मान

नवनियुक्त एल्डरमैन में वार्ड-3 से सुरेखा वारठे का नाम भी शामिल है। हालांकि उनके वार्ड में भाजपा का ही पार्षद है, लेकिन बीते चुनाव में सुरेखा को भाजपा ने टिकट देकर ऐन वक्त पर काट दिया था। उस समय संगठन में हुई नाराजगी के बाद यह तय माना जा रहा था कि समय आने पर सुरेखा का सम्मान बरकरार रखा जाएगा, जिसे अब एल्डरमैन बनाकर पूरा किया गया है।

## तीन पूर्व पार्षदों के अनुभव पर भरोसा

एल्डरमैन की इस सूची में तीन नाम ऐसे हैं, जो पहले भी पार्षद के रूप में परिषद का हिस्सा रह चुके हैं। वार्ड 3 की सुरेखा वारठे, वार्ड 7 से बसंत उडुकले और वार्ड 13 से गोपाल खातरे पूर्व में पार्षद रह चुके हैं। पिछले चुनाव में इन तीनों के ही टिकट काट दिए गए थे। अब इन्हें मनोनीत पार्षद बनाकर भाजपा ने पुराने और अनुभवी चेहरों को फिर से मुख्यधारा में जोड़ लिया है।

## सक्रिय महिला नेत्रियों को मिली तरजीह

भाजपा ने महिला सशक्तिकरण और संगठन में सक्रियता को देखते हुए तीन महिला नेत्रियों को मौका दिया है। सपना सोनी, आरती पाटिल और सुरेखा वारठे संगठन के कार्यों में लंबे समय से सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। विशेषकर सपना सोनी ने हालिया विधानसभा चुनाव में भी अपनी टीम के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसका फल उन्हें इस नियुक्ति के रूप में मिला है।

## सही हुआ राष्ट्रीय जनादेश का आकलन


एल्डरमेन की दौड़ में सुषमा, विमल, सुरेखा, आरती, श्रद्धा और गीता शामिल

» नगर पालिका में एल्डरमेन की नियुक्ति को लेकर शुरू हो गई जोड़-तोड़

प्रदेश संगठन ने मांगे नाम

सुषमा और विमल भी दौड़ में

चुनाव में नहीं मिला था मौका

इनके नाम पर भी हो सकता है विचार

इनका कहना...

एल्डरमैन की नियुक्ति को लेकर स्थानीय गलियारों में कई महीनों से चर्चाएं गरम थीं। बीते माह राष्ट्रीय जनादेश ने इस संबंध में खबर प्रकाशित की थी, जिसमें सुरेखा वारठे और आरती पाटिल के नामों को लगभग तय बताया गया था। जारी हुई आधिकारिक सूची के बाद राष्ट्रीय जनादेश का वह आकलन पूरी तरह सही साबित हुआ है।

# भाजपा नेताओं ने एसपी से की निष्पक्ष जांच की मांग

■ कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे झूठ को किया बेनकाब

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। विकास खंड प्रभातपटटन के ग्राम खेडीरामोसी में विगत दिनों हुए व्यक्तिगत मामले को कांग्रेस द्वारा राजनीतिक रंग देने की कोशिश की जा रही है जिसको लेकर भाजपा नेताओं ने पुलिस अधीक्षण वीरेन्द्र जैन से मिलकर मामले की निष्पक्ष जॉच करने की बात करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।**



### सीमांकन के दौरान हुई थी झड़प

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने बताया कि पिछ्ले दिनो चंद्रकला पति नामदेव मगरदे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से ग्राम खेडीरामोसी की कृषि भूमि संतोष पिता गिरधारी पंवार से क्रय की गई है। वहीं संतोष पंवार द्वारा उक्त भूमि फूला बाई मेहरा पिता भूनी मेहरा द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा खरीदी गई थी। उसी भूमि का विधिवत सीमांकन कराने के दौरान जो हिंसा हुई उसकी सुक्ष्मता से जॉच कर जिम्मेदारों पर कठोर कार्यवाही करते हुए निर्दोषो को मामले से दूर रखने की बात कही वहीं आमला विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे ने कहा कि उक्त भूमि का मामले पूरी तरह से व्यक्तिगत है जो घटना हुई उसमें भाजपा का कोई पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल नहीं है।

### कांग्रेस पर लगाए आरोप

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जित्तू पटवारी, पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे और कांग्रेस के जिलाध्यक्ष निलय डागा सस्ती लोकप्रियता के लिए झूठ बोलकर समाज को भ्रमित करने का काम कर रहे है। मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलकर आदिवासियों को गुमराह कर रही है। घटना में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष भास्कर मगरदे गंभीर रूप से घायल है वहीं कांग्रेसी नेता मामले की जानकारी के बगैर समाज में भेद डालने का काम कर रहे है। इस दौरान भैसदेही विधायक महेन्द्रसिंह चौहान ने कहा कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जॉच की जानी चाहिए कांग्रेस सिर्फ आदिवासियों को वोट की रानजीति के लिए उपयोग करने काम करती हैं।

### निष्पक्ष जांच की मांग

भाजपा ने हमेशा से ही आदिवासियों के पक्ष में कार्य किया है। कांग्रेस के द्वारा फैलाए जा रहे झूठ की भी जॉच होनी चाहिए। चर्चा के उपरांत पुलिस अधीक्षक श्री जैन ने भाजपा नेताओं को न्याय संगत जॉच के लिए आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी भी निर्दोष के साथ गलत नहीं होगा। वहीं दोषियां को बक्शा नहीं जाएगा। इस दौरान किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री अशोक पांसे, पिछ्डा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री अतीत पंवार, जिला महामंत्री कृष्णा गायकी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश्वर सिंह चंदेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, पर्वतराव धोटे, जिला मीडिया प्रभारी सूर्यदीप त्रिवेदी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पुलिस ने 6 जुआरियों से जब्त किए 11510 रुपए


■ ईंट भट्टे के पास पुलिस ने दबिश देकर की कार्रवाई



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** नगर के हमलापुर क्षेत्र में ईंट भट्टे के पास जुआ खेल रहे आधा दर्जन जुआरियों की सूचना मिलने पर पुलिस ने सुनियोजित तरीके से दबिश देकर सभी को पकड़ लिया। जुआरियों के कब्जे से पुलिस ने नगद 11510 रुपए एवं ताश के 52 पत्ते जब्त करने की कार्यवाही की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि हमलापुर क्षेत्र में एक ईंट भट्ठे के पास छिंद के पेड़ के नीचे कुछ लोग पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और सभी छह आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रोहित सेन (25), अशोक ठाकुर (40), बबलू सूर्यवंशी (20), हैदर शेख (30), शाहिद शेख (35) और राजकुमार प्रजापति (45) के रूप में हुई है। ये सभी आरोपी अलग-अलग क्षेत्रों के निवासी हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी और एसडीओपी सुनील लाटा के मार्गदर्शन में की गई। इस टीम में थाना प्रभारी नीरज पाल सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में होने वाली किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

# घर में फ्रिज के नीचे बैठा था रसेल वाइपर

■ सर्पमित्र विशाल विश्वकर्मा ने सुरक्षित किया रेस्क्यू



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** जिला मुख्यालय की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में उस समय हडकंप मच गया, जब एक घर में खतरनाक सांप निकलने की सूचना मिली। कॉलोनी निवासी रितेश खंडेलवाल के मकान में फ्रिज के नीचे एक जहरीला रसेल वाइपर सांप छुपकर बैठा हुआ था। परिवार के लोगों ने जब सांप को देखा तो घबराकर तुरंत सर्पमित्र को सूचना दी।

### बड़ी मुश्किल से निकाला बाहर

जानकारी मिलते ही सर्पमित्र विशाल विश्वकर्मा मौके पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। सांप फ्रिज के नीचे छिपा होने के कारण उसे बाहर निकालना काफी चुनौतीपूर्ण था। करीब कुछ समय की मेहनत के बाद सर्पमित्र ने सुरक्षित तरीके से रसेल वाइपर को पकड़ लिया। विशाल विश्वकर्मा ने बताया कि रसेल वाइपर बेहद जहरीला और खतरनाक सांप होता है, जिसका काटना जानलेवा साबित हो सकता है। ऐसे में समय रहते सांप का रेस्क्यू होना बहुत जरूरी था, वरना बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

### ठण्डी जगह की तलाश में रहते हैं सांप

रेस्क्यू के बाद सांप को किसी भी तरह की क्षति पहुंचाए बिना जंगल के सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया। इस घटना के बाद कॉलोनी के लोगों ने राहत की सांस ली और सर्पमित्र के प्रयास की सराहना की। विशेषज्ञों का कहना है कि गर्मी के मौसम में सांप अक्सर ठंडी जगहों की तलाश में घरों के अंदर घुस आते हैं। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने और किसी भी तरह के सांप दिखने पर खुद से छेड़छाड़ करने के बजाय विशेषज्ञों को सूचना देने की सलाह दी जाती है। इस घटना से एक बड़ी अनहोनी टल गई और समय पर किए गए रेस्क्यू ने एक परिवार को सुरक्षित बचा लिया।

# वायर के बंडल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

■ सीसीटीवी फुटेज से आरोपी तक पहुंची पुलिस

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** निर्माणाधीन मकान से वायर के बंडर चोरी की शिकायत मिलने के बाद पुलिस हरकत में आई और चोर की तलाश में जुट गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज देखे तो चोर का सुराग मिल गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सख्ती से पूछताछ की तो उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए वायर के बंडल जब्त किए हैं जिनकी कीमत लगभग 98 हजार रुपए बताई गई है।

### दुनावा चौकी में दर्ज कराई थी रिपोर्ट

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दुनावा चौकी में श्रीमती चमेलीबाई पति जीएस रघुवंशी निवासी कालापाठा बैतूल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके निर्माणाधीन मकान (आदित्य टीवीएस के सामने, दुनावा) से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हेवेल्स कंपनी के बिजली वायर के 28 बंडल (कीमती लगभग 98,000/- रुपये) चोरी कर लिए गए हैं। शिकायत पर पुलिस ने थाना मुलताई में अपराध क्रमांक 201/2026 धारा 331(3), 305(ए) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### सीसीटीवी फुटेज से मिला सुराग

जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में 22 मार्च को दो व्यक्ति स्कूटी से आकर मकान का ताला तोड़कर वायर चोरी करते हुए दिखाई दिए। आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी मुलताई नरेंद्र सिंह परिहार द्वारा विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी नितिन विश्वकर्मा पिता दिलीप विश्वकर्मा (38)निवासी भारत भारती, थाना कोतवाली, जिला बैतूल 29 को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

एक अन्य आरोपी सूरज उर्फ एलियन भावसार फरार है जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर 28 मंडल में से 26 केबल वायर के बंडल जब्त किए हैं।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी मुलताई निरीक्षक नरेंद्र सिंह परिहार, चौकी प्रभारी दुनावा नेपाल सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक सुनील पंद्राम, आरक्षक अभिषेक वाडिवा एवं आरक्षक नरेश तुमराम, आरक्षक सोनू भारती, सैनिक विजय रघुवंशी की सराहनीय भूमिका रही।

# परी खातरकर का सुयश



**आठनेर (राष्ट्रीय जनादेश)।** नगर के वैष्णवी पब्लिक एकेडमी में कक्षा नवमीं की छात्रा परी खातरकर ने वार्षिक परीक्षा में 89.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर शाला परिवार एवं वाइस प्रिंसिपल श्रीमती वैशाली झाड़े, डायरेक्टर डॉक्टर रविंद्र झाड़े, कोऑर्डिनेटर राजेश वाडेकर ने परी खातरकर को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। ज्ञात रहे परी खातरकर पत्रकार विलास खातरकर की बेटी एवं बैतूल जे एच कॉलेज में पदस्थ भौतिक शास्त्र के विभाग प्रमुख डॉक्टर सुभाष खातरकर एवं मासोद में पदस्थ शिक्षक शैलेंद्र खातरकर की भतीजी है। परी खातरकर के कक्षा नवमी में पूरी शाला में प्रथम आने पर उनके टीचर स्टाफ में नरेंद्र मालवीय, बाबूराव बिसंद्रे, श्रीमती दीपिका मगरदे, श्रीमती संगीता गावंडे, देवी लिखितकर, पायल हारोडे, भूमिका अमरूते एवं उनके सहयोगी छात्र-छात्राओं में सुरभि साहू, जूही बारस्कर, हिमानी चढ़ोकार, टिया साहू, यादवी जगताप, आयुषी पारखे, पल्लवी सातपुते, दिव्या बारपेटे के अलावा अन्य टीचर स्टाफ एवं रिश्तेदारों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# पाइप लाइन के लीकेज सुधार रहे कर्मचारी

■ शहरवासियों को हो रही थी दूषित पानी की सप्लाई



**बैतूल बाजार (राष्ट्रीय जनादेश)।** शहर में गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल आपूर्ति को लेकर नगर परिषद प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। जल गंगा संरक्षण अभियान के तहत शहर के विभिन्न वार्डों में पाइपलाइन की निगरानी बढ़ा दी गई है, जिससे नागरिकों को नियमित और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जा सके। नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी जी.आर. देशमुख स्वयं सुबह के समय वार्डों का निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान जहां-जहां पाइपलाइन में लीकेज या अन्य समस्याएं सामने आ रही हैं, वहां तत्काल सुधार कार्य करवाया जा रहा है।

### कर्मचारियों ने सुधारा लीकेज

हाल ही में बाजार चौक क्षेत्र में पाइपलाइन में लीकेज की सूचना मिलते ही सीएमओ देशमुख ने अधीनस्थ कर्मचारियों को तुरंत मौके पर भेजकर मरम्मत कार्य शुरू कराया। इस दौरान 3 इंच की पाइपलाइन का खराब वाल्व बदलकर सप्लाई को सुचारू किया गया, जिससे क्षेत्र के रहवासियों को राहत मिली।

### नागरिकों को नहीं होनी चाहिए परेशानी

सीएमओ देशमुख ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायत मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान किया जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके साथ ही नगर परिषद द्वारा स्वच्छता अभियान भी तेज गति से चलाया जा रहा है। वार्डों में स्थित नालियों की नियमित सफाई करवाई जा रही है, जिससे जलभराव और गंदगी की समस्या से भी निजात मिल सके।













चांदी के चरण, जनेऊ किये जायेंगे समर्पित, की जा रही तैयारी

# स्वर्ण रथ पर सवार होकर निकलेंगे श्री मेंहदीपुर बालाजी

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। श्री मेंहदीपुर बालाजी भक्त मंडल समिति बैतूल द्वारा इस वर्ष भी श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर 2 अप्रैल दिन गुरूवार को सायं 5 बजे कोठी बाजार स्थित श्री हनुमान मंदिर न्यू बैतूल स्कूल ग्राउंड के सामने से श्री मेंहदीपुर बालाजी महाराज की विशाल रथयात्रा निकाली जायेंगी। श्री घाटा मेंहदीपुर बालाजी महाराज द्वारा स्वर्ण रथ पर बैठकर नगरभ्रमण किया जायेगा समिति का लगातार 15 वें वर्ष पर पदार्पण होने पर इस वर्ष भी समिति द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही हैं। श्री मेंहदीपुर बालाजी की रथयात्रा के दौरान श्री बालाजी महाराज को पंच मेवा का प्रसाद चढ़ाया जायेगा जो यात्रा मार्ग पर भक्तों को प्रसाद वितरित किया जायेगा।**





### रथ को किया जा रहा तैयार

रथ पर कलाकारी एवं रंग-रोगन का कार्य बैतूल के कलाकार दिगिवजय बरदे तथा श्याम सोनी द्वारा अपने साथियों के साथ अंतिम रूप दिया जा रहा है। भक्तों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए बालाजी के रथ के रस्सों की लंबाई भी बढ़ाई जा रही है। रथ को महिला एवं पुरूष अलग-अलग रस्सों से खीचेंगे। यात्रा प्रतिवर्षानुसार श्री हनुमान मंदिर न्यू बैतूल स्कूल ग्राउंड स्कूल से शाम 5 बजे निकलकर थाना रोड, लल्ली चौक, मुल्लाजी पेट्रोल पंप से होते हुए टांगा स्टैंड गंज, बिजासनी माता मंदिर से होते हुए गंज माता मंदिर पेट्रोल पंप के पास समाप्त होगी। इस बार हनुमान जन्मोत्सव पर श्री मेंहदीपुर बालाजी की रथयात्रा में और भी कुछ नये आर्कषण भक्तों को देखने को मिलेंगे जिसकी तैयारी समिति द्वारा की जा रही हैं।

### चांदी के चरण, जनेऊ किये जायेंगे समर्पित

श्री मेंहदीपुर बालाजी भक्त मंडल समिति के सदस्यों द्वारा श्री बालाजी महाराज के श्री चरणों में चांदी के चरण तथा चांदी के जनेऊ समर्पित किये जायेंगे। समिति द्वारा कलकत्ता पश्चिम बंगाल के कारीगरों से करीब 1 किलो वजनी चांदी के चरणों तथा चांदी के जनेऊ का निर्माण करवाया गया हैं। समिति द्वारा पिछले वर्षो में 3 चांदी के छत्र श्री मेंहदीपुर बालाजी के रथ में भेंट किये गये थे।

### बालाजी को श्रद्धालु लगाएंगे अर्जियां

श्री मेंहदीपुर बालाजी का मंदिर राजस्थान के दौसा जिले में स्थित हैं जहां पर हनुमान जी बालरूप में विराजित हैं जिनके साथ श्री प्रेतराज सरकार तथा भैरव बाबा के साथ विराजमान हैं मंदिर में वर्षो से मान्यता हैं कि जो भी भक्त मंदिर में अपनी अर्जी एक छोटे से कोरे लाल कपड़े में दस रूपये के सिक्के 11 चावल के दाने के साथ एक कागज पर अपनी मनोकामना लिखकर चढ़ाते है उसे बालाजी महाराज अवश्य स्वीकार करते हैं। बैतूल में निकल रही बालाजी के रथ में भक्त अपनी अर्जी लगा सकते है जिसे समिति के सदस्यों द्वारा दौसा राजस्थान स्थित श्री मेंहदीपुर बालाजी मंदिर में अर्पित की जायेगी समिति के सदस्यों द्वारा हर वर्ष रथयात्रा के पश्चात् भक्तों द्वारा चढ़ाई गई अर्जियां, नगद भेंट आदि को श्री मेंहदीपुर बालाजी के मंदिर में जाकर भेंट किया जाता हैं।

### पांच जगह होगी महाआरती

श्री घाटा मेंहदीपुर बालाजी की महाआरती का आयोजन पांच स्थानों पर किया जा रहा है पहली महाआरती श्री हनुमान मंदिर न्यू बैतूल स्कूल ग्राउंड के सामने, दूसरी महाआरती दीक्षित निवास थाना रोड़ पर तीसरी महाआरती लल्ली चौक पर चौथी महाआरती बिजासनी माता मंदिर पर तथा पांचवी महाआरती यात्रा समाप्त होने पर माता मंदिर गंज पेट्रोल पंप पर की जायेगी। समिति बैतूल नगर की सेवाभावी जनता से अपील करती हैं कि सभी भक्त अपने-अपने घर के सामने रंगोली डालकर और पांच दीपक जलाकर भगवान बालाजी का अभिनंदन करें वहीं आरती के पश्चात बालाजी महाराज के पवित्र छीटें प्रसाद स्वरूप दिये जायेंगे। समिति द्वारा रथयात्रा की तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं, वहीं सब तैयारियां अंतिम चरणों में हैं।

# ब्रेकअप के बाद ब्लैकमेल के बढ़ रहे मामले : डॉ. गोहे

- एक बार वायरल होने के बाद कटेंट पर नहीं रहता नियंत्रण

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** डिजिटल दौर में रिश्तों में नजदीकी और खुलापन बढ़ा है, लेकिन इसके साथ एक खतरनाक प्रवृत्ति भी सामने आ रही है। कई कपल निजी फोटो और वीडियो बनाकर इसे भरोसे का प्रतीक मान रहे हैं, जबकि विशेषज्ञ इसे जोखिम भरा कदम बता रहे हैं।



### ब्लैकमेल का कारण बनता है निजी कटेंट

मनोवैज्ञानिक डॉ. संदीप गोहे के अनुसार लोग भावनात्मक लगाव, पार्टनर को खोने के डर या प्यार साबित करने के दबाव में ऐसे फैसले लेते हैं, जो आगे चलकर गंभीर समस्या बन सकते हैं। उनका कहना है कि जब तक रिश्ता ठीक रहता है, तब तक परेशानी नहीं होती, लेकिन ब्रेकअप या विवाद के बाद यही निजी कंटेंट ब्लैकमेल, बदला लेने या बदनामी का कारण बन जाता है।

### तेजी से फैलता है कंटेंट

तकनीकी गलती, हैकिंग या भरोसा टूटने की स्थिति में भी यह कंटेंट लीक होकर तेजी से फैल सकता है। एक बार इंटरनेट पर आने के बाद इसे पूरी तरह हटाना मुश्किल हो जाता है, जिससे व्यक्ति के सामाजिक और पारिवारिक जीवन पर गहरा असर पड़ता है। रिपोर्ट्स के अनुसार मध्यप्रदेश सहित देशभर में साइबर अपराध के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इनमें निजी डेटा का दुरुपयोग, ऑनलाइन उत्पीड़न और निजी वीडियो लीक से जुड़े मामलों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

### मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है असर

ऐसे मामलों का सबसे अधिक असर मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। डॉ. गोहे के मुताबिक इससे चिंता, अवसाद, अपराधबोध और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याएं सामने आती हैं। कई बार लोग इस तनाव को साझा नहीं कर पाते, जिससे स्थिति और गंभीर हो जाती है। कानूनी रूप से बिना सहमति किसी का निजी कंटेंट साझा करना अपराध है और इसके लिए सजा का प्रावधान है। हालांकि प्रक्रिया लंबी और मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण होती है, इसलिए बचाव को ही सबसे बेहतर उपाय माना गया है। डॉ. गोहे ने सलाह दी है कि किसी भी स्थिति में निजी कंटेंट रिकॉर्ड या साझा करने से बचें, भरोसा साबित करने के लिए निजता से समझौता न करें और डिजिटल सीमाएं तय रखें। उनका कहना है कि रिश्ते भरोसे से चलते हैं, सबूत से नहीं, और डिजिटल कंटेंट कभी पूरी तरह नियंत्रण में नहीं रहता।

# आयुष विभाग ने वन विद्यालय में कराया योगाभ्यास

- विशेषज्ञों ने नियमित योग के लिए किया प्रेरित

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** आयुष विभाग द्वारा 30 मार्च को वन विद्यालय बैतूल कालापाठा में योगाभ्यास का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आगामी 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के तहत निरंतर चलाए जा रहे योग सत्रों की कड़ी में आयोजित हुआ। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सा टिकारी के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में 98 कर्मचारियों ने भाग लिया।

योग सत्र में जिला नोडल अधिकारी डॉ. वीरेंद्र सिंह शाक्य, ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ. प्रहलाद नागले एवं योग प्रशिक्षक सागर सिवनकर ने सरल एवं सूक्ष्म योग क्रियाएं, सूर्य नमस्कार सहित आवश्यक योगाभ्यास करवाया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कर्मचारियों को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया गया।

वन विद्यालय बैतूल के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए योगाभ्यास का लाभ लिया और इस आयोजन के लिए आयुष विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।





# बिसनूर और धाबला में दिया जल संरक्षण का संदेश

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 प्रदेशभर में 19 मार्च से 30 जून 2026 तक चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड प्रभातपट्टन में विकासखंड समन्वयक राधा बरोदे की उपस्थिति में विभिन्न ग्रामों में जल संरक्षण एवं जनजागरूकता के माध्यम से समाज को जोड़ने के लिए कार्य किए जा रहे हैं।

**राहगीरों की बुझेगी प्यास :** ग्राम बिसनूर की प्रस्फुटन समिति द्वारा राहगीरों की सुविधा के लिए बस स्टैंड पर जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ ग्राम सरपंच श्रीमती प्रियंका ठाकरे एवं प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष द्वारा पूजन कर किया गया। समिति द्वारा 4 मटकों की व्यवस्था की गई तथा प्रतिदिन पानी भरने की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा ग्राम धाबला की प्रस्फुटन समिति द्वारा बिरूल बाजार रोड स्थित शिव मंदिर परिसर में जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ किया गया।

**जल संरक्षण का दिया संदेश :** इस अवसर पर प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष द्वारा पूजन कर विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत ताप्ती नदी के घाट की सफाई भी की गई, जिससे स्वच्छता एवं जल संरक्षण का संदेश दिया जा सके। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के स्टूडेंट्स एवं परामर्शदाता द्वारा जल संरक्षण की जनजागृति के लिए दीवार लेखन भी किया गया।

# आत्म मंथन के लिए होती है कथा : पं. शर्मा

***बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** महापुरूष केवल पूजने के लिए नहीं बल्कि प्रेरणा लेने के लिए हैं। अच्छा बनने के लिए हमेशा किए हुए प्रयास कभी व्यर्थ नहीं जाता है। जीवन में छोटो को देखकर जियो, बड़ों को देखकर उनका आचरण आत्मसात करो और बुरे समय के लिए सदैव तैयार रहो। क्योंकि कोई भी कभी भी मुंह मोड़ सकता है। यह बात पंडित सुखदेव शर्मा ने संजय गुप्ता के निवास मलाजपुर में चल रहीं संगीतमय भागवत कथा के दौरान चौथे दिन कही। पंडित शर्मा ने कहा कि हम भाग्यशाली जो भारतवासी है। भारत धर्म भूमि है। यहां शक्ति और भक्ति दोनो हैं। यह विश्वास और प्रकाश है यहां गंगा, मां दुर्गा है। पृथ्वी का स्वर्ग भारत देश है अन्य देश भोग भूमि हैं जो भोग प्रधान है और भारत भक्ति प्रधान देश है, इसलिए जितने भगवान के अवतार हैं भारत भूमि में हुए हैं। यहां श्री राम, श्री कृष्ण आदि भगवान के सामने झुकने से बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान हो सकता है। झुकने से रावण और दुर्योधन नहीं माने तो भगवान ने वानर और पांडव को माध्यम बनाया और धर्म की स्थापना की। कथा केवल मनोरंजन के लिए नहीं है यह आत्म चिंतन और आत्म मंथन के लिए है। कथा पर 2 अप्रैल को पूर्णाहूति और महाप्रसादी के साथ कथा पर विराम लगेगा। आयोजक गुप्ता परिवार ने सभी से कथा लाभ लेने का आग्रह किया है।*



# नदियों एवं जल स्त्रोतों को किया साफ

- जल गंगा अभियान के तहत किया श्रमदान

**घोड़ाडोंगरी (राष्ट्रीय जनादेश)।** नगरीय निकाय नगर परिषद घोड़ाडोंगरी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत क्षेत्र की नदियों एवं जल स्त्रोतों की सफाई के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत नगर परिषद के कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने मिलकर नदी किनारों पर जमा गंदगी, पत्थर एवं कचरे को हटाने का कार्य शुरू किया। अभियान का उद्देश्य नदियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाना, जल संरक्षण को बढ़ावा देना तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखना है। इस दौरान श्रमिकों द्वारा नदी तल की सफाई कर जल प्रवाह को सुचारू बनाने का प्रयास किया गया।



नगर परिषद द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान न केवल स्वच्छता की दिशा में एक सराहनीय पहल है, बल्कि लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने का भी कार्य कर रहा है। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की प्रशंसा करते हुए अभियान में सहयोग देने की बात कही। अधिकारियों के अनुसार यह अभियान आगामी दिनों में और तेज गति से जारी रहेगा, जिससे क्षेत्र के सभी प्रमुख जल स्त्रोतों को स्वच्छ किया जा सके।

# विवादित जमीन खरीदकर अब क्यों मासूम बन रहे भास्कर मगरदे?: टेकाम

» खेड़ी रामोसी में तीन पीढ़ियों से आदिवासियों का जमीन पर बना हुआ है कब्जा

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। भाजपाईयों की कार्यशैली शुरू से ही आदिवासियों एवं दलितों को दबाने तथा उनका शोषण करने की रही है। ग्राम मासोद के सरपंच रहे भास्कर मगरदे जो अभी भी उपसरपंच है एवं इन्ही के ग्राम से लगा ग्राम खेड़ीरामोशी भी है। इनको बड़े ही अच्छी तरह से मालूम था कि यह जमीन सस्ते में हम खरीद रहे हैं यह विवादित जमीन है एवं इस पर आदिवासियों को पिछली 3 पीढ़ियों से कब्जा है किन्तु भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष होने के दम पर चलते उनके द्वारा सस्ते में जमीन खरीदी गई कि मैं नेता हूं तो मैं राजनैतिक रसूख बताकर एवं प्रशासन को अपनी तरफ मिलाकर आदिवासियों की कब्जे वाली जमीन हड़प लूंगा किन्तु मामला बढ़ता देख अब मासूम बनकर इसे व्यक्तिगत झगड़ा बता रहे हैं यदि यह व्यक्तिगत झगड़ा होता तो 15-20 वाहन और जे.सी.बी. लेकर नहीं जाते ना ही पूरे आदिवासी ग्रामीणों के विरूद्ध रिपोर्ट लिखवाते।**

- **आदिवासियों पर आए दिन हो रहे अत्याचार:** उक्ताशय का आरोप भाजपाईयों पर लगाते हुए उक्त बातें आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम ने कही। शायद इसीलिए कोई भाजपाई किसी आदिवासी के उपर पेशाब करता है तो कोई उन्हें पेड़ से बांधकर अमानवीय कष्ट देता है। भाजपा के विधायक संजय पाठक जैसे लोग सैकड़ों एकड़ आदिवासियों की भूमि अपने और अपने सिपहसलारों के नाम करवा लेते हैं। इसी कड़ी में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बैतूल के अध्यक्ष भास्कर मगरदे द्वारा सैकड़ों वर्षो से काबिज आदिवासियों को उनकी भूमि से बेदखल करने हेतु सत्ता के सहयोग से घमंड चूर होकर ग्राम खेड़ीरामोशी में गुंडे ले जाकर प्रशासन के सहयोग बुजुर्ग आदिवासी का टेटुआ दबाया और मारपीट शुरू की। महिलाओं की साड़ी खोलकर उनका चीरहरण का प्रयास किया गया। जब ग्रामीणों द्वारा अपना बीच-बचाव किया गया तो ग्राम के 23 लोगों पर एफ.आई.आर. दर्ज करवा दी और इसे व्यक्तिगत मामला बता रहे हैं।
- **रामू टेकाम ने किए सवाल :** यदि उक्त जमीन भास्कर और उनके परिजनों द्वारा हड़पी जाने की साजिश के तहत नहीं खरीदी गई तो अभी जब वह युवा मोर्चा के अध्यक्ष है तभी क्यों ग्रामीणों पर आक्रमण कर उनकी जमीन पर कब्जा करने की कार्यवाही की जा रही है। जब पूर्व में ही राजस्व के अधिकारियों द्वारा जमीन को विवादित करार कर दिया गया था एवं मौके पर कब्जा गरीब आदिवासियों का है तो वह इसे जबरदस्ती कब्जा करने क्यों पहुंचे?। क्या भाजपा का यही काम बचा है कि वह अपने लोगों को उच्च पद पर पहुंचाये एवं गरीब आदिवासियों पर जुल्म ढाते हुए उनके उनकी जमीन छीने। यदि जमीन भास्कर मगरदे की थी तो पचासों वर्षो से गरीब आदिवासियों का कब्जा क्यों हैं?
- **सत्ता के नशे में दर्ज करवा रहे प्रकरण :** भास्कर मगरदे मासोद के सरपंच रहे है तथा भारतीय जनता पार्टी जो आज सत्ता में है उसके युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष है जब उनके कारनामें आम जनता में उजागर हो रहे है तो वह इसे व्यक्तिगत मामला बता रहे हैं जबकि भाजपाईयों की यह परम्परा रही है कि वह सत्ता के नशे में किसी पर भी प्रकरण दर्ज करवा देते हैं। यदि कोई सोशल मीडिया पर सही बात भी ट्वीट कर देता है तो उसको निलंबित कर देते हैं। किसी के पीछे ई.डी. लगा देते हैं तो किसी के पीछे सी.बी.आई. लगा देते हैं एवं कोर्ट में जाकर सभी झूठे साबित होते हैं। इसके बाद भी यह यह आम जनता का शोषण करने से नहीं चूकतें हैं। हैं। कांग्रेस पार्टी के सत्ता में में आने के बाद इनके द्वारा शोषण कर जिस भी आदिवासियों की जमीन ली गई है उसे वापिस दिलाया जाएगा।

# 32 आदिवासियों पर दर्ज FIR वापस लेने की मांग

- खेड़ी रामोसी काण्ड में गोंगपा ने एसडीएम मुलताई को सौंपा ज्ञापन

***बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने ग्राम खेड़ीरामोसी कांड में 32 आदिवासी परिवारों पर दर्ज एफआईआर को लेकर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्टी के जिला अध्यक्ष तिरुमाल उर्फ चिंतूलाल उइके के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मुलताई को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और एफआईआर वापस लेने की मांग की गई।*

### क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त

*ज्ञापन में बताया गया कि जिन आदिवासी नागरिकों पर गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है, वे सभी सामान्य, मेहनतकश और शांतिप्रिय लोग हैं, जो अपने पारंपरिक जीवन-यापन में लगे हुए हैं। एफआईआर दर्ज होने के बाद इन परिवारों को मानसिक, सामाजिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे क्षेत्र में भय और असंतोष का माहौल बन गया है।*

### बिना जांच के किया आकलन

*पार्टी ने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई बिना समुचित जांच और वास्तविक परिस्थितियों के आकलन के की गई है, जिससे निर्दोष लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। ज्ञापन में प्रकरण की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराते हुए सभी 32 आदिवासी नागरिकों पर दर्ज एफआईआर को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की गई है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि 10 दिनों के भीतर एफआईआर वापस नहीं ली गई तो गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा उग्र प्रदर्शन, महा आंदोलन और पुतला दहन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पिंकेश धुर्वे सहित मेखलाल कवडे, रमेश उइके और रामनाथ कवडे मौजूद रहे।*



# जियो और जीने दो के जयकारों से गूंजा शहर

▪ भव्य चल समारोह में उमड़ा जनसैलाब ▪ 80 सालों से जारी है भोजन प्रसादी की परंपरा

**आमला (राष्ट्रीय जनादेश)। नगर में दिगंबर जैन समाज द्वारा भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव सोमवार को श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जियो और जीने दो के संदेश के साथ पूरा शहर भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। सुबह प्रभात फेरी से शुरू हुआ आयोजनों का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। भव्य चल समारोह में आकर्षक झांकियां और पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालु आकर्षण का केंद्र रहे।**





### प्रभात फेरी के साथ हुई मंगल शुरुआत

महोत्सव का शुभारंभ सुबह 6 बजे प्रभात फेरी के साथ हुआ। श्रद्धालु भगवान महावीर की प्रतिमा को पालकी में विराजमान कर नगर भ्रमण पर निकले। इस दौरान सोने-चांदी के कलशों से भगवान का जलाभिषेक किया गया और मंदिर शिखर पर हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण किया गया। मुख्य चल समारोह सुबह 9:30 बजे इतवारी चौक स्थित जैन मंदिर से प्रारंभ हुआ। यह जुलूस पुराना थाना, मेन मार्केट, पीर मंजिल चौक, जनपद चौक, गोविंद कॉलोनी चौक, माता माई मंदिर और सोमवारी चौक से होते हुए पुनः सुबह 10.45 बजे जैन मंदिर पहुंचा। मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों और शहरवासियों द्वारा स्वागत मंच बनाकर चल समारोह का भव्य इस्तकबाल किया गया। अंत में भगवान श्रीजी का विधि-विधान से अभिषेक किया गया।

### 80 वर्षों से निभाई जा रही परंपरा

महावीर जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में एक विशेष परंपरा पिछले 80 वर्षों से अनवरत जारी है। समाज के वरिष्ठ सुरेश कुमार जैन के निवास से हर वर्ष सुबह 6 बजे प्रभात फेरी निकाली जाती है। साथ ही, उनके निवास पर पिछले 8 दशक से जैन समाज और मित्र मंडली के लिए विशाल भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं।

### पंचशील सिद्धांतों का दिया संदेश

महोत्सव के दौरान वक्ताओं ने भगवान महावीर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने अपनी इंद्रियों पर विजय प्राप्त कर विश्व को सत्य, अहिंसा, अचौर्य, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य के पंचशील सिद्धांत दिए। शोभायात्रा में भजनों की प्रस्तुति के माध्यम से भगवान महावीर के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाया गया।

### इनकी रही विशेष उपस्थिति

आयोजन में मनीष जैन, मुकेश जैन, राजेश जैन, महादेव जैन, आकाश जैन, राजू जैन, दिलीप जैन, रितेश जैन सहित महिला मंडल से रेखा बाई जैन, अर्चना जैन, मनीषा जैन, कल्पना जैन और बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से तहसीलदार शत्रुघन सिंह चौहान और पुलिस बल पूरे समय मुस्तैद रहा।

## नामांकन के लिए शिक्षक घर-घर दे रहे दस्तक

▪ स्कूलों में कम हो रही है बच्चों की दर्ज संख्या

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** स्कूलों में दर्ज संख्या का अनुपात दिनों दिन कम होते जा रहा है। जिससे निजी स्कूलों के साथ शासकीय स्कूल के शिक्षक भी अपने स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए तेज धूप में भी घर-घर पहुंचकर सरकारी स्कूल में बच्चों का प्रवेश कराने के लिए पालकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दे रहें हैं। जिससे की सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाया जा सके। ढोडवाड़ा स्कूल के शिक्षक विगत एक सप्ताह से निरंतर बाबई, सावंगा, सेलगांव, दबेरी एवं ढोड़वाड़ा के ग्रामीणों से लगातार भेंट कर अपने स्कूल में प्रवेश के लिए समझाईश दे रहें हैं। शिक्षक मदनलाल डढोरे, अशोक पवार, जयदेव डोंगरे व होसीलाल उइके ने कहा कि हम बच्चों और पालकों को शासन की जानकारी देकर प्रवेश के लिए प्रोत्साहित कर रहें हैं। ग्रामीण बद्रीप्रसाद पवार ने कहा कि आज कल सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का स्तर अच्छा व सस्ता होने से पालको में बच्चों के प्रवेश के विषय में भी रुझान देखने को मिल रहा है। शिक्षक श्री डढोरे ने कहा कि आगामी अप्रैल माह में लगातार ग्रामीणों से चर्चा कर यह अभियान जारी रहेगा। जिससे अधिक से अधिक शाला त्यागी बच्चों को प्रवेश दिला सके।



## शिव शक्ति धाम बावड़ी परिसर में किया श्रमदान

▪ बीएचडब्ल्यू के विद्यार्थियों ने निभाई सहभागिता



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड भीमपुर के अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत बेला में स्थित शिव शक्ति धाम बावड़ी परिसर में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्था नव एकलव्य मानव सेवा समिति खुर्दा एवं जनकल्याण संस्था कुंड बकाजन के सहयोग से किया गया। साथ ही मास्टर ऑफ सोशल वर्क एवं बैचलर ऑफ सोशल वर्क के विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान श्रमदान के माध्यम से बावड़ी के चारों ओर साफ-सफाई कर जल स्त्रोत के संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर परामर्शदाता लवकेश मोरसे, पूजा मोरले, विजेश इरपाचे, दीपिका सराठे एवं ग्राम पंचायत बेला के रोजगार सहायक सुरेश विश्वकर्मा सहित प्रस्फुटन समिति के सदस्य गुन्नू उईके, अलकेश कुदारे एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे। परामर्शदाता लवकेश मोरसे ने बताया कि यह अभियान मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। इसमें विकासखंड समन्वयक राजू मांडवे, जिला समन्वयक श्रीमती प्रिया चौधरी एवं संभाग समन्वयक कौशलेश तिवारी के निर्देशन में कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद श्री मोहन नागर के मार्गदर्शन में पूरे मध्यप्रदेश में जल संरक्षण को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गांव-गांव में विलुप्त हो चुके जल स्त्रोतों जैसे तालाब, कुएं, बावड़ी, नाले एवं छोटी नदियों का पुनर्जीवन ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम को जन आंदोलन का रूप देने के लिए विकासखंड भीमपुर में जल संगोष्ठी, प्रभात फेरी एवं ग्राम चौपाल जैसे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है, जिससे जल की प्रत्येक बूंद को संरक्षित किया जा सके।

## जिले में नरवाई जलाने पर लागू है प्रतिबंध

▪ आदेश का उल्लंघन करने वालों पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** जिले में खेत में कटाई के उपरान्त नरवाई पराली जलाए जाने पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 में वर्णित प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार बैतूल जिले की राजस्व सीमा में फसल की कटाई के पश्चात अगली फसल के लिए खेत तैयार करने के लिए बहुसंख्यक कृषकों द्वारा अपनी सुविधा के लिए खेत में आग लगाकर डंठलों को नष्ट कर खेत साफ किया जाता है, जिससे व्यापक अग्नि दुर्घटनायें भी होकर जन धन की हानि होती है। नरवाई में आग लगाना कृषि के लिये नुकसानदायक होने के साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से भी हानिकारक है। इसके कारण विगत वर्षों में गंभीर स्वरूप की अग्नि दुर्घटनायें घटित हुई है तथा व्यापक संपत्ति की हानि हुई है। साथ ही कानून व्यवस्था के लिये भी विपरीत स्थितियां निर्मित होती है। खेत में नरवाई की आग के अनियंत्रित होने पर जन संपत्ति एवं प्राकृतिक वनस्पति, जीव जंतु आदि नष्ट हो जाते है, जिससे व्यापक नुकसान होता है। खेत की मिट्टी में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु इससे नष्ट होते है, जिससे खेत की उर्वरा शक्ति शनैः शनैः घट रही है, और उत्पादन प्रभावित हो रहा है।

खेत में पड़ा कचरा, भूसा, डंठल सडने के बाद भूमि को प्राकृतिक रूप से उपजाऊ बनाते है, इन्हें जलाकर नष्ट करना ऊर्जा को नष्ट करता है। वही आग लगाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जिले में कई कृषकों द्वारा रोटावेटर, सुपर सीडर से व अन्य साधनों से डंठल खेत से हटाने के लिए साधन अपनाये जाने लगे है, अतः कृषकों के पास वैकल्पिक सुविधा जो कि जनहित में भी है, उपलब्ध हो गई है। उपरोक्त परिस्थितियों में जन सामान्य के हित, सार्वजनिक संपत्ति, पर्यावरण एवं लोक व्यवस्था को बनाये रखने के लिए कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 63 में प्रदत्त अधिकारों के तहत बैतूल जिले की भौगोलिक सीमा में खेत में नरवाई पराली में आग लगाना प्रतिबंधित किया है। इस आदेश का उल्लंघन करने पर मप्र शासन पर्यावरण विभाग, भोपाल के तथा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के 1981 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत अर्थदण्ड अधिरोपित करने की कार्रवाई की जाएगी।

## दोषमुक्त होने पर पूर्व मंत्री सहित अन्य का कुंबी समाज ने किया सम्मान

***मुलताई(राष्ट्रीय जनादेश)।*** *बहुचर्चित पारधी हत्याकांड मे कोर्ट से दोष मुक्त हुए कुन्बी समाज के पूर्व केबीनेट मंत्री सुखदेव पांसे, संदीप साबले एवं उमेश डांगे का कुनबी समाज संगठन द्वारा शनिवार स्वागत अभिनंदन किया गया । इस अवसर पर सर्वप्रथम छत्रपति शिवाजी महाराज एवं माँ ताप्ती के छायाचित्र का पूजन, माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुखदेव पांसे द्वारा बताया गया कि किस प्रकार पूरा क्षेत्र परेशान था। माँ, बहनों कि इज्जत आबरू लुटी जा रही थी, हत्याएँ हुई। किस प्रकार 302 के झूठे मामले में फंसाया गया। क्या-क्या यातनाएँ सही फिर भी अन्त में सत्य की विजय हुई और माननीय कोर्ट द्वारा सभी आरोपियों को बाइज्जत बरी किया गया। वक्ताओं ने अपने 18 साल के संघर्ष को बयाँ किया तथा सम्मानीय कोर्ट का आभार माना । कार्यक्रय कि अध्यक्षता डॉ. पी.आर बोडखे द्वारा की गई जिसमें क्षत्रिय लोणारी कुन्बी समाज लोक न्यास ट्रस्ट एवं नवनियुक्त कुन्बी समाज की ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी के अध्यक्ष नीरज ठाकरे एवं उनकी टीम द्वारा सभी केस से बरी लोगो की शाल एवं श्रीफल देकर सम्मान किया गया। आभार प्रदर्शन पंजाबराव खाड़े द्वारा किया गया । इस अवसर पर क्षत्रिय लोणारी कुन्बी समाज ट्रस्ट एवं संगठन के रवि खाडे, जगन्नाथ पंडाग्रे, तुलसीराम बारस्कर, रमेश खाड़े, यशवंत बोडखे, डॉ. धोटे, दीपक कवडकर, लोकेश देशमुख, सोनु डोंगरे, हरिश कापसे, कृष्णा दवंडे सहित बडी संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे।*

## अमरकंटक में हुई बैठक में भेंट किया ताप्ती जल और कलेंडर

***बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।*** *देश के विभिन्न राज्यों से आये 200 से अधिक डेलीगेट प्रतिनिधि एवं कार्य समिति सदस्यों ने मां नर्मदा की पावन उद्गम स्थली अमरकंटक में आयोजित सम्मेलन में भाग लिया। अमरकंटक पहली बार राष्ट्रीय स्तर की ऐतिहासिक गतिविधि का साक्षी बना, जब इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स की 144वीं राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक का भव्य आयोजन यहां संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां नर्मदा के उद्गम स्थल पर विधि-विधान से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बैतूल से राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में भाग लेने गए बैतूल जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं नेशनल कौंसिल के सदस्य डॉ रामकिशोर दयाराम पवार ने सम्बोधित करते हुए अपने ओजस्वी विचारों को रखते हुए कहा कि आज देश की पवित्र नदियों का जल लेकर आये पत्रकारो ने एक दूसरे का सम्मान स्वरूप गंगोत्री, ताप्ती, नर्मदा का जल एवं छायाचित्र भेंट कर किया। श्री पवार अपने संग ताप्ती जल एवं ताप्ती कलेंडर को सम्मानित पत्रकारों को सप्रेम भेट किया। श्री पवार का सम्मेलन में शाल श्री एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।*

## 50 बच्चों ने योग, नृत्य व सूर्य नमस्कार की दी प्रस्तुति दी

▪ फायर सेफ्टी, ट्रैफिक नियम व आत्मरक्षा का दिया प्रशिक्षण

▪ कला प्रदर्शनी और गतिविधियों से बच्चों ने सीखा नया कौशल

***बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।*** *महावीर इंटरनेशनल संकल्प एवं सृजन, बैतूल द्वारा सुभाष स्कूल में 23 से 28 मार्च तक आयोजित निःशुल्क समर कैंप का समापन शनिवार को हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से हुई और मुख्य अतिथि शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र वरकड़े का स्वागत किया गया। करीब 50 बच्चों ने योग, सूर्य नमस्कार और नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसे अतिथियों ने सराहा। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में बच्चों के उत्साह और प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कैंप उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। कैंप के दौरान बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे सभी ने सराहा। समर कैंप में बच्चों को फायर डिपार्टमेंट द्वारा फायर सेफ्टी, ट्रैफिक अधिकारी द्वारा ट्रैफिक नियम और लाठी के माध्यम से आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही पेपर बैग, फ्लावर, वाटर कैंडल, एनवेलप मेकिंग, नीडल-थ्रेड वर्क और मैथ्स ट्रिक्स जैसी गतिविधियां सिखाई गईं। प्रेरणादायक भाषण भी आयोजित हुए। बच्चों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया और नाश्ता व ड्रिंक्स की व्यवस्था भी की गई। समापन अवसर पर बच्चों को टी-शर्ट और फुटवेयर वितरित किए गए। कार्यक्रम में सहयोग देने वाले स्कूल प्राचार्य, स्टाफ, योग और नृत्य प्रशिक्षकों का सम्मान किया गया। संचालन मंगला गोठी और श्वेता ने किया तथा आभार सुनंदा तातेड ने माना। महावीर इंटरनेशनल संकल्प की पदाधिकारी टीम के सहयोग से कैंप सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।*

### जल गंगा अभियान के तहत माचना घाट पर की सफाई

***बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।*** *मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 29 मार्च को सुबह फिल्टर प्लांट माचना घाट पर वृहद स्वच्छता एवं सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में नगर पालिका परिषद बैतूल की अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पाण्डेय ने अभियान का संचालन किया। उपाध्यक्ष महेश राठौर ने भी मौके पर पहुंचकर सफाई कार्य में हिस्सा लिया। इस दौरान आनंद प्रजापति पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षद, रघुनाथ लोखण्डे सभापति, अंजुरानी शर्मा पार्षद, ममता मालवी महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री एवं पार्षद, अतीत पवार पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी, मुकेश झारे अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी भी अभियान में शामिल हुए और श्रमदान किया। नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी पूरे समय सफाई अभियान में जुटे रहे। इसके साथ ही स्थानीय नागरिकों ने भी श्रमदान कर अभियान में भागीदारी की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पाण्डेय ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों को स्वच्छ और सुरक्षित रखने के उद्देश्य से यह वृहद सफाई अभियान चलाया गया, ताकि लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके।*

## टीईटी लिया तो आंदोलन करेंगे शिक्षक

▪ शिक्षक संगठनों की हुई बैठक लिया निर्णय



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किए जाने के विरोध में रविवार को प्रभात पट्टन विकासखंड में विभिन्न शिक्षक संगठनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अध्यापक शिक्षक संघर्ष समिति के संयुक्त मोर्चा का गठन किया गया और जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक उग्र आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार शिक्षकों को दो वर्षों के भीतर टीईटी पास करना अनिवार्य किया गया है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि परीक्षा पास नहीं करने पर शिक्षकों को क्रमोन्नति और पदोन्नति का लाभ नहीं मिलेगा। वहीं, परीक्षा में असफल रहने पर सेवा समाप्ति तक की कार्रवाई की जा सकती है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा भी निर्देश जारी किए जा चुके हैं। शिक्षकों ने बैठक में कहा कि उनकी नियुक्ति वर्ष 1998 से 2013 के बीच हुई थी और उस समय वे सभी निर्धारित योग्यताओं को पूरा कर चुके थे, साथ ही व्यापम परीक्षा भी उत्तीर्ण की थी। ऐसे में कई वर्षों बाद ञ्श्ञ्ञ अनिवार्य करना अनुचित है। इस निर्णय से शिक्षकों में आक्रोश और भय का माहौल बना हुआ है। संयुक्त मोर्चा ने सरकार से मांग की है कि शिक्षकों के हित में सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर की जाए या टीईटी में छूट दी जाए। शिक्षकों का कहना है कि परीक्षा में असफल होने पर नौकरी जाने का खतरा बना हुआ है, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो सकता है। इसी को लेकर सभी शिक्षक संगठन एकजुट होकर सरकार से संवेदनशीलता के साथ हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

## आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को दिए प्रशस्ति पत्र

▪ होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्र सोनाघाटी में बताए गए थे आपदा से निपटने के उपाय

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** भूकम्प पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम के तहत जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नेतृत्व एवं कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में बैतूल में में सोनाघाटी होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित 05 दिवसीय भूकम्प आपदा जोखिम प्रबंधन प्रशिक्षण का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण 25 मार्च से 29 मार्च 2026 तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विभागों के प्राचार्य, स्वास्थ्य विभाग एवं आयुष विभाग के चिकित्सक, नगर पालिका एवं पंचायत सचिव, पुलिस विभाग तथा सिविल डिफेन्स के वालेंटियरों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य भूकंप जैसी आपदा से पूर्व तैयारी एवं प्रभावी प्रबंधन के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की क्षमता का विकास करना था। इस प्रशिक्षण के अंतिम दिवस के प्रथम सत्र में भूकंप से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं प्रबंधन की तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के भूपेन्द्र सिंह एवं जिला चिकित्सालय के श्री हरी वाघमारे द्वारा बर्न जलने की स्थिति से बचाव एवं उपचार की जानकारी दी गई।

जिला सेनानी इन्दल उपनारे एवं प्लाटून कमाण्डर श्रीमती सुनीता पन्द्रे ने आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र वितरित कर उनके योगदान की सराहना की गई। इस दौरान प्लाटून कमाण्डर श्रीमती सुनीता पन्द्रे, एएसआई वीरनसिंह कुशराम, हवलदार अनुदेशक बलीराम सरयाम, हवलदार स्टोरमैन अवधेश वर्मा सहित होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ के जवान तथा संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पाइप लाइन के लिए सड़क खोदकर छोड़ी

▪ खुदी सड़क से परेशान हो रहे नगरवासी

**शाहपुर (राष्ट्रीय जनादेश)। नगर के विभिन्न वार्डों में पेयजल व्यवस्था सुधारने के लिए चल रही अमृत 2 योजना अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। पाइपलाइन बिछाने के लिए की गई सड़क खुदाई अधूरी छोड़ दिए जाने से नागरिकों का आवागमन कठिन हो गया है और हादसों का खतरा बढ़ गया है।**



### तीन फीट तक कर दी खुदाई

जानकारी के अनुसार ठेकेदार द्वारा मुख्य मार्गों और गलियों में करीब तीन फीट गहरी खुदाई कर पाइपलाइन तो डाल दी गई है, लेकिन हफ्तों बीत जाने के बाद भी सीमेंट कंक्रीट की सड़कों की मरम्मत नहीं की गई। कई जगह सड़क के बीचों-बीच लंबी खाइयां बनी हुई हैं, जिनमें कंक्रीट और सीमेंट फिलिंग नहीं होने से रास्ते खतरनाक बन गए हैं।स्थानीय रहवासियों का कहना है कि संकरी और खुदी सड़कों पर दोपहिया वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ रहा है, जिससे रोजाना लोग गिरकर घायल हो रहे हैं।

### रहवासी हो रहे परेशान

वहीं धूल उड़ने से आसपास के लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि ठेकेदार द्वारा कार्य भी फिलहाल बंद कर दिया गया है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत कराई जाए और लापरवाह ठेकेदार पर कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। अध्यक्ष रोहित नायक का कहना है कि पाइप लाइन के गढ़ने के बाद सड़क पर पड़े ओवर मलवा को हटाया जायेगा।

## कान्हावाड़ी में खोला प्याऊ

***बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।*** *जिले के विकासखंड घोड़ाडोंगरी अंतर्गत ग्राम कान्हावाड़ी में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 जल शक्ति से नव भक्ति के प्रथम चरण के अंतर्गत जल मंदिर प्याऊ की स्थापना की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य गर्मी के मौसम में राहगीरों एवं ग्राम वासियों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कान्हावाड़ी, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं, परामर्शदाता, ब्लॉक समन्वयक जन अभियान परिषद सहित जनजाति शिक्षा से जुड़ी कार्यकर्ता बहनों एवं ग्राम वासियों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। जल चौपाल आयोजित कर सभी वक्ताओं ने जल संरक्षण एवं जल सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल समाज के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमूह को जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने तथा अधिक से अधिक जल स्त्रोतों के संरक्षण का संकल्प दिलाया गया।*

